आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 95 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, बुधवार, 09 अप्रैल, 2025

# वक्फ कानून आज से लागू

## पश्चिम बंगाल में हिंसा, प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया गाड़ियां जलाईं; पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस छोड़ी

मुर्शिदाबाद

वक्फ संशोधन कानून मंगलवार से देशभर में लागू कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से, 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था।

इससे पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार शाम को वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गई है। कई वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी है। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हैं।

**पथराव**

वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया।

भीड़ हिंसक हो गई। लोगों ने पुलिस के वाहन और अन्य वाहनों में आग लगी दी। इसके बाद भारी पुलिसबल मौके पर तैनात किया गया है।

वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।



### वक्फ कानून के खिलाफ SC में 11 याचिकाएं दर्ज

नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अलावा सुप्रीम कोर्ट में 7 अप्रैल तक 11 याचिकाएं दाखिल की जा चुकी हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने कहा कि हमारी राज्य इकाइयां भी हाईकोर्ट में कानून को चुनौती देंगी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई को लेकर सोमवार को कहा- वह नए वक्फ कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को लिस्ट करने यानी सुनवाई पर फैसला करेंगे। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वकील कपिल सिब्बल ने अदालत से अर्जेंट हियरिंग की मांग की थी।

इस पर CJI संजीव खन्ना ने कहा- आप वकीलों से कहें कि हमें मेल या पत्र भेजें। इस पर सिब्बल ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में अर्जेंट हियरिंग के लिए ओरल मेंशनिंग यानी जुबानी अपील की व्यवस्था खत्म हो चुकी है। सिबब्ल के बाद CJI संजीव खन्ना ने कहा- ठीक है, हम पत्र और मेल देखेंगे। इन पर फैसला लिया जाएगा। हम इन्हें लिस्ट करेंगे।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा विधायकों में हाथापाई

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के विधायकों ने सदन में बिल पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान NC और भाजपा विधायकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इससे पहले सोमवार को NC के विधायक ने सदन में वक्फ कानून की कॉपी फाड़ दी। एक NC विधायक ने अपनी जैकेट फाड़कर सदन में लहराई। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्रवाई पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। NC समेत अन्य दलों ने वक्फ कानून के खिलाफ रेजोल्यूशन लाने की बात कही थी।

### गौ-शालाओं में प्रति गाय 40 रू. प्रति दिवस किये जाने का निर्णय

## ‘मप्र में स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति-2025‘ स्वीकृत



संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में निराश्रित गौवंश की समस्या के निराकरण के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत 'मध्यप्रदेश राज्य में स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति : 2025‘ की स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया हैं।

**बैठक**

मंत्रि-परिषद द्वारा गौशालाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करने और मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुक्रम में गौ-शालाओं को 20 रुपये प्रति गौवंश प्रति दिवस से बढ़ाकर 40 रूपये प्रति गौवंश प्रति दिवस किये जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रि-परिषद द्वारा राज्य में पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित गतिविधियों में रोजगार के नवीन अवसर बढ़ाने, उत्पादकता बढाने, किसानों की आय बढने से जीएसडीपी में वृद्धि और राष्ट्र की जीडीपी में योगदान बढाने के लिए मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना की निरन्तरता (वर्ष 2024-25 तथा 2025-26) रखते हुए योजना का नाम 'डॉ. अम्बेडकर पशुपालन विकास योजना‘ रखे जाने का निर्णय लिया गया। स्वीकृति अनुसार सहकारिता के माध्यम से पशुपालन गतिविधियों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसान को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध करायें जायेंगे। नस्ल सुधार के लिए भ्रूण प्रत्यारोपण कार्यक्रम और बांझ निवारण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम, चारा उत्पादन कार्यक्रम, प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दूधारू गायों के लिए पुरस्कार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय कार्यक्रम तथा पशुपालकों को योजनाओं की जानकारी प्रदाय करने एवं उन्मुखीकरण के लिए प्रचार-प्रसार कार्यक्रम की निरन्तरता पर स्वीकृती दी गयी।

मंत्रि-परिषद द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार से संबद्ध संस्था एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किए जाने के लिए एमओयू किए जाने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध संस्था एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड (भारत सरकार की मिनी रत्न श्रेणी-1) सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राइजेज (सीपीएसई) संस्था है। संस्था के द्वारा म.प्र. में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत गुणवत्ता सुधार, एलईपी (कक्षा VI-XII) के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न गतिविधियों को संचालित किया जायेगा। इसमें सीखने में वृद्धि कार्यशालाएँ, सीखने के परिणाम आधारित मूल्यांकन, राज्य के बाहर वैज्ञानिक एक्सपोजर विजिट, शिक्षक विकास, सतत व्यावसायिक विकास और परिणाम शिक्षण रणनीतियों में सुधार शामिल हैं।

### पीएम मोदी ने बताई वक्फ संशोधन कानून की अहमियत, कहा-

## यह सामाजिक न्याय दिशा में सरकार का बड़ा कदम

एजेंसी ● नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वक्फ संशोधन कानून की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम सामाजिक न्याय की दिशा में उनकी सरकार का बड़ा कदम है। 2013 में पिछला कानून भू-माफिया और मुस्लिम कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए बनाया गया था। एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संसद में इस मुद्दे पर बहस में तुष्टिकरण की राजनीति की झलक देखने को मिली।

विपक्ष को घेरते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 1947 में देश के विभाजन के पीछे भी यही रवैया था। जब कांग्रेस के कुछ नेताओं ने कट्टरपंथी विचार को बढ़ावा दिया। जबकि आम मुसलमान इस पर सहमत नहीं थे। आम मुसलमानों और उनके बीच गरीब, पिछड़े लोगों को केवल उपेक्षा, शिक्षा का अभाव और बेरोजगारी ही मिली, जबकि कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए महिलाओं के सांविधानिक अधिकारों की बलि दी गई।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 2013 में बनाए गए वक्फ कानून से यह भ्रम पैदा हुआ कि यह अधिनियम संविधान से ऊपर है। यह कानून न्याय के लिए था, लेकिन यह डर का स्रोत बन गया। संशोधित कानून समाज और मुस्लिम समुदाय के



हित में है। उन्होंने संसद को इस शानदार कानून को लागू करने के लिए बधाई दी और कहा कि संसदीय इतिहास में दूसरी सबसे लंबी बहस हुई।

### भारत न तो झुकने वाला और न ही रुकने वाला

पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने इस साल के पहले 100 दिनों में अपनी नीतियों के साथ संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं। भारत अब न तो झुकने वाला है और न ही रुकने वाला है। तेज विकास के लिए शांति, स्थिरता और सुरक्षा बहुत जरूरी है। सरकार ने आतंकवाद और नक्सलवाद पर लगाम लगाई है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता दिखाई है। 2025 में 100 दिन एक या दो दिन में खत्म हो जाएंगे। जो लोग सोचते थे कि भारत धीमी और स्थिर गति से चलेगा, वे तेज और निडर भारत को देख रहे हैं। इन 100 दिनों में उनकी सरकार की ओर से लिए गए फैसलों में युवाओं की आकांक्षाएं प्रतिबिंबित होती हैं, जिसने भविष्य के लिए मजबूत नींव भी रखी है।

# हसीना बोलीं- अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से बचाया

### अपराधियों को कठघरे में लाऊंगी, बांग्लादेश अब आतंकी देश बना

एजेंसी ● नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा, ‘अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कठघरे में लाया जाएगा।’

अवामी लीग की अध्यक्ष हसीना ने यह बात उस वक्त कही जब वो सोशल मीडिया पर अपने पार्टी नेताओं के परिवार वालों से बात कर रही थीं। पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश छोड़ने के बाद से वे भारत में शरण लेकर रह रही हैं।

हसीना ने बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस को लेकर कहा कि वो ऐसा शख्स है जिसे लोगों से कभी मोहब्बत नहीं थी। यूनुस ने गरीबों को छोटे-छोटे कर्ज ऊंची ब्याज दरों पर दिए और इस पैसे से कई देशों में ऐशोआराम की जिंदगी जी।



हसीना ने कहा कि उस वक्त हम यूनुस की चालाकी नहीं समझ पाए, इसलिए उसकी मदद करते रहे। लेकिन इससे लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ, सिर्फ वह अमीर होता गया। बाद में उसमें सत्ता की भूख पैदा हो गई, जो आज बांग्लादेश को जला रही है।

हसीना ने कहा- बांग्लादेश अब आतंकी देश बन गया शेख हसीना ने कहा कि पहले बांग्लादेश को विकास के मॉडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। हमारे नेता और कार्यकर्ताओं को जिस तरीके से मारा जा रहा है, उसे बताया भी नहीं जा सकता है। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को मारा जा रहा है।

हसीना ने कहा कि अब तो इस देश में मीडिया को भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। रेप, मर्डर, डकैती किसी चीज की रिपोर्ट नहीं कराई जा रहा है। और अगर इसे रिपोर्ट किया जाता है, तो उस टीवी चैनल या अखबार को टारगेट किया जाएगा।

हसीना बोलीं- अल्लाह ने मुझे जिंदा रखा, मैं लौटकर आऊंगी अपने पूरे परिवार की भयानक हत्या को याद करते हुए शेख हसीना ने कहा, 'मैंने अपने पिता, मां, भाई- सभी को एक ही दिन में खो दिया। और फिर हमें देश लौटने भी नहीं दिया गया। मैं जानती हूं अपनों को खोने का दर्द क्या होता है। अल्लाह हमेशा मेरी हिफाजत करता आया है, शायद वह मुझसे कुछ अच्छा करवाना चाहता है। जिन्होंने ये जघन्य अपराध किए हैं, उन्हें सजा जरूर मिलनी चाहिए। यही मेरा वादा है।’

जब एक सपोर्टर ने उनसे पूछा कि वे कैसी हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, मैं जिंदा हूं। एक अन्य सपोर्टर ने कहा कि अल्लाह आपको दोबारा मौका दें। इस पर हसीना ने कहा कि अल्लाह मुझे जरूर मौका देगा। इसलिए अल्लाह ने मुझे जिंदा रखा है। मैं आ रही हूं।

### अमेरिकी यूट्यूबर बिना इजाजत भारत के प्रतिबंधित सेंटिनल द्वीप पहुंचा

**नई दिल्ली**। भारतीय पुलिस ने 24 साल के एक अमेरिकी यूट्यूबर को हिंद महासागर के एक प्रतिबंधित द्वीप पर पहुंचने और वहां की जनजाति से संपर्क करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया है।

यह यूट्यूबर अमेरिकी राज्य एरिजोना का रहने वाला है। उसका नाम मिखायलो विक्टोरोविच पोलियाकोव है। 29 मार्च को वह भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के प्रतिबंधित सेंटिनल द्वीप पर पहुंचा था। वह वहां रहने वाली सेंटिनली जनजाति से नहीं मिल पाया तो डाइट कोक और नारियल छोड़कर आया था। उसे 31 मार्च को पोर्ट ब्लेयर में गिरफ्तार किया गया था। एक स्थानीय कोर्ट ने पिछले हफ्ते उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। उसे पांच साल तक की जेल हो सकती है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

## दुर्लभ बीमारियों के लिए केंद्र की सहायता पर 50 लाख रुपए की सीमा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, करेगा सुनवाई

एजेंसी ● नई दिल्ली

दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए केंद्र की सहायता पर 50 लाख की सीमा पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती जताई है। सुप्रीम कोर्ट स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफी (एसएमए) जैसी दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए केंद्र की सहायता पर सीमा को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने को तैयार हो गया।

सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना व जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने कहा कि बीमारियों के इलाज के लिए 50 लाख रुपये की केंद्रीय सहायता की सीमा को लेकर दायर याचिकाओं पर जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ 13 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई करेगी। पीठ ने कहा कि एसएमए की दवा रिस्डिप्लाम बनाने वाली फार्मा कंपनी मेसर्स एफ हॉफमैन-ला रोश लिमिटेड ने एसएमए पीड़ित केरल निवासी 24 वर्षीय सेबा पीए को एक साल के लिए अपनी दवा मुफ्त में देने पर सहमति जताई है। इस दवा की एक बोतल 6.2 लाख रुपये की है।

इससे पहले उन्होंने केरल उच्च न्यायालय का रुख किया था, हाईकोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि वह सेवा को 50 लाख रुपये की सीमा के अलावा 18 लाख रुपये की अतिरिक्त दवाइयां उपलब्ध कराए। शीर्ष अदालत ने 24 फरवरी को केंद्र की अपील पर गौर करने के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसमें कहा गया था कि उसे 50 लाख रुपये की सीमा का उल्लंघन करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है और उसने पक्षों को नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसके बाद इस दलील पर गौर किया कि एसएमए रोगी के इलाज की लागत 26 करोड़ रुपये तक हो सकती है और रिस्डिप्लाम पाकिस्तान और चीन में काफी सस्ती दरों पर बेची जा रही है।

### नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 13 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार

# 9 राज्यों भीषण गर्मी का अलर्ट, मध्यप्रदेश के 23 जिलों में पारा 40 पार



एजेंसी ● नई दिल्ली

देश के उत्तर-पश्चिम राज्यों में भीषण गर्मी दौर शुरू हो चुका है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान में रात का पारा भी 45 डिग्री के पार जा रहा है। नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 8 राज्यों में बारिश की संभावना है।

भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने आज राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात समेत 9 राज्यों में लू और गर्मी का अलर्ट जारी किया है। वहीं, नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 13 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार है।

इधर, राजस्थान में अब दिन के साथ रात भी गर्म होने लगी है। कुछ शहरों में रात का पारा 45 के पार पहुंच गया है। सोमवार को बाड़मेर शहर का तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, आज यहां हीटवेव का रेड अलर्ट है। इसके अलावा 6 जिलों के लिए ऑरेंज और 12 जिलों के लिए यलो अलर्ट है।

मध्यप्रदेश में सोमवार को भी गर्म हवाओं की वजह से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। रतलाम-नीमच समेत 8 जिलों में आज लू का अलर्ट है। हिमाचल में आज लू चलने की चेतावनी है। इनके अलावा, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात और उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट है।

अगले दो दिन कैसा रहेगा मौसम? देश के ज़्यादातर हिस्सों में अगले दो दिन लू और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य प्रदेश, गुजरात और दिल्ली-NCR में तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री ऊपर बना रहेगा। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी UP में कई जगहों पर लू जारी रहेगी।

वहीं बिहार, झारखंड, पूर्वोत्तर राज्यों और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भी बिजली गिरने और तेज़ हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में 9, 10 अप्रैल को बारिश और ओले गिर सकते हैं।

## पश्चिमी रिंग रोड में सर्वे शुरू : किसानों और प्रशासन के बीच सैद्धांतिक सहमति बनी

# अब नई गाइडलाइन का दोगुना मिलेगा मुआवजा

**संवाददाता ● इंदौर**

बहुप्रतीक्षित पश्चिमी आउटर रिंगरोड परियोजना को लेकर एक बड़ी बाधा अब दूर हो गई है। जमीन अधिग्रहण को लेकर असहमति जता रहे किसान अब सर्वे के लिए तैयार हो गए हैं। नई गाइडलाइन के दोगुना मुआवजा दिए जाने पर किसानों और प्रशासन के बीच सैद्धांतिक सहमति बन गई है। इसके साथ ही परियोजना को लेकर लंबे समय से रुकी प्रक्रिया अब फिर से गति पकड़ने जा रही है। सहमति बनने के बाद मंगलवार से दो टीमों ने सर्वे का काम शुरू किया । इसके पहले पश्चिम रिंग रोड को लेकर रेसीडेंसी कोठी में जिला प्रशासन, एनएचआई और किसान नेताओं के बीच बैठक हुई। बैठक में नई गाइडलाइन का दोगुना मुआवजा देने पर सहमति बन गई। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि किसानों को पुरानी गाइडलाइन पर अवार्ड पारित होगा, लेकिन आर्बिटेशन के माध्यम से नई गाइडलाइन का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा। 15 दिन में किसानों को अवार्ड पारित होगा। वहीं आरबीटेशन की प्रक्रिया डेढ माह में पूरी करेंगे। इस पर किसानों के साथ सहमति बन गई है। मंगलवार से टीमें सर्वे का काम शुरू करेगी। वर्षाकाल से पहले निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा, ताकि वर्षाकाल से पहले काफी काम पूरे किए जा सके।

**सर्वे**

### विरोध के कारण अटका था काम

करीब आठ माह पूर्व इस परियोजना का टेंडर किया गया था, लेकिन भूमि अधिग्रहण में किसानों की असहमति के कारण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। किसानों की मांग थी कि उन्हें उचित दर पर मुआवजा दिया जाए। किसान बाजार मूल्य का दोगुना मुआवजा मांग रहे थे। किसानों के विरोध के कारण प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया रोक दी थी। अब ग्रामीण क्षेत्रो में कृषि भूमि की गाइडलाइन सर्वाधिक बड़ी है। ऐसे में किसान बड़ी गाइडलाइन के दो गुना मुआवजे पर सहमत हो गए।



**40 साल में भी चंदन नगर रिंग रोड नहीं बनी**

चंदन नगर से एरोड्रम रोड तक रिंग रोड नहीं बन पाने के कारण अधूरी रही। अब भी भारी वाहन बड़ा गणपति क्षेत्र से गुजरते हैं। मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई 200 फीट है। अब वहां इतनी बसाहट हो चुकी है कि इतनी चौड़ी सड़क बनाना संभव नहीं है। इसे देखते हुए नगर निगम ने रिंग रोड के बजाए अब चंदन नगर लिंक रोड बनाने का फैसला लिया है। अब 200 फीट के बजाय 60 फीट चौड़ी सड़क बनेगी। इसमें सिर्फ 150 से ज्यादा निर्माण ही हटेंगे। नगर निगम के बजट में इस सड़क को भी मंजूरी दी गई है, ताकि लोग धार रोड से एरोड्रम रोड तक सीधे आ जा सकें। फिलहाल कालानी नगर से विजयश्री नगर ब्रिज तक 60 फीट चौड़ाई में सड़क बनकर तैयार है।

### 2008 में हो चुका था भूमिपूजन

बता दें कि 2008 में चंदन नगर रिंग रोड बनाने की कवायद हो चुकी थी। तत्कालीन कलेक्टर विवेक अग्रवाल चाहते थे कि यह सड़क बन जाए। उन्होंने चंदन नगर क्षेत्र के रहवासियों को स्कीम-136 में प्लॉट भी अलॉट कर दिए थे। तब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस सड़क का भूमिपूजन भी कर दिया था, लेकिन बाद में सरकार की तरफ से सड़क बनाने की अनुमति नहीं मिली और फिर सड़क नहीं बन पाई। प्राधिकरण के अफसर नप्ती करने जाते थे तो उन्हें धमकाया जाता था। अब यह सड़क नगर निगम 18 मीटर चौड़ाई में बनाने की तैयारी कर रहा है। मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई बदलने के लिए प्रस्ताव भी भेजने की तैयारी की जा रही है।

## शॉट न्यूज

### इंटरव्यू का बोलकर कार में बैठाया भोपाल से इंदौर लाया, होटल में रेप

**इंदौर**। विजयनगर पुलिस ने युवती की शिकायत पर धनसिंह रघुवंशी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है।आरोपी ने जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती के साथ संबंध बनाए और जान से खत्म करने की धमकी दी। पीड़िता नौकरी की तलाश कर रही थी। आरोपी ने कॉल सेंटर में नौकरी का बोलकर मिलने बुलाया था। वह कार से इंटरव्यू का बोलकर भोपाल से इंदौर लेकर आया था। उसने होटल में रूम बुक करवाया और युवती के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने डायल-100 पर कॉल कर पुलिसवालों को बुलाया और घटना बताई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और पीड़िता के कथन लेकर एफआईआर दर्ज कर ली। उधर आजाद नगर पुलिस ने भी एक छात्रा की शिकायत पर उसके परिचित भीकलाल गोखले पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया है।

### लसूडिया पुलिस को बिहार पुलिस ने दिया 50 हजार का ईनाम

**इंदौर**। लसूडिया थाना पुलिस को बिहार पुलिस की ओर से 50 हजार का ईनाम मिला है। यह ईनाम बिहार के मोस्ट वांटेड अपराधी भूपेंद्र सिंह खारवा को गिरफ्तार करने के एवज में मिला है। भूपेंद्र को लसूडिया पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। इसके अलावा दो और भी आरोपी गिरफ्तार हुए थे। बताया जा रहा है कि भूपेंद्र सिंह खारवा का संबंध लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है, जो एक कुख्यात अपराधी गिरोह है। भूपेंद्र पर कई गंभीर आरोप हैं और उसकी गिरफ्तारी बिहार पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। लसूडिया पुलिस की कार्रवाई से न केवल इंदौर बल्कि बिहार पुलिस को भी बड़ी राहत मिली है।

### यू ट्यूब देखकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला धराया

**इंदौर**। डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी शुभम से पूछताछ की गई तो उसने पुलिस को बताया कि पहले तो नौकरी दिलवाने के नाम पर स्टूडेंट्स से संपर्क कर पहले एक रुपए एकाउंट में डलवा लेता था, जिससे ये जानकारी लग जाती थी कि स्टूडेंट के एकाउंट में पैसे हैं कि नहीं। इसी के साथ पैसे ट्रांसफर के दौरान आरोपी द्वारा वीडियो बना लिया जाता था। वीडियो से पिन को डिटेक्ट कर स्टूडेंट से फार्म भरवाने का बोलकर स्टूडेंट के मोबाइल से ही पैसे निकाल लिया करता था। पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि ठगी की वारदात करने का तरीका यू ट्यूब पर वीडियो देखने के बाद सीखा था। वह सिक्यूरिटी गार्ड , गार्डनर और छोटी-मोटी नौकरी के नाम पर कई स्टूडेंट्स के साथ हजारों रुपए की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे चुका है। उसने मोबाइल पर 250 लोगो का ग्रुप भी बना रखा था, जिस पर पोस्ट भी डाल रखी थी कि किसी को नौकरी चाहिए तो संपर्क करें।

## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25

### आरजीपीवी जेजेटीयू की स्वर्ण से शुरुआत

**संवाददाता ● भोपाल**

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान मे एलएनसीटी एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल में एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में खेली जा रही चार दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल (महिला & पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25 के

**प्रतियोगिता**



दूसरे दिन आरजीपीवी की पूर्णिमा ने स्वर्ण पदक, संगम यूनिवर्सिटी रजत पदक तथा यूनिवर्सिटी आफ केलीकट एवं एमएसडीयू ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक अर्जित किया।

पुरुष सिंगल्स मुकाबले में जेजेटीयू के मनीष ने स्वर्ण पदक, आईआईएमटी यूनिवर्सिटी रजत पदक तथा यूनिवर्सिटी आफ केलीकट एवं श्रीधर ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक अर्जित किया। डबल्स महिला मुकाबले में एमजीकेवीपी ने स्वर्ण पदक, एसजीआरआर यूनिवर्सिटी देहरादून ने रजत पदक एंव आरजीपीवी भोपाल ने कांस्य पदक अर्जित किया। पुरुष वर्ग डबल्स मुकाबले में संगम यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक, डॉ आर एम एल यूनिवर्सिटी ने रजत पदक एंव कलिंगा यूनिवर्सिटी ने कांस्य पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर डॉ. देवेंद्र सिंह ढुल वाइस चांसलर जेजेटीयू यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता स्थल पर आकर औपचारिक निरीक्षण किया उन्होंने खिलाड़ियों प्रशिक्षको से जानकारी ली विश्वविद्यालय द्वारा निष्पक्ष एवं लाइव प्रतियोगिता कराए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की इस अवसर पर टूर्नामेंट डायरेक्टर ईश्वर सिंह आर्य ने बताया की ड्राप भोपाल खेल को ऊंचाइयों तक ले जाने में डॉक्टर धूल का बहुत बड़ा योगदान है आपके ही प्रयासों से खेल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा और आप कई वर्षों तक फेडरेशन के अध्यक्ष रहे हैं।

## ग्राम निवासी विद्युत सुरक्षा हेतु सावधानियाँ जरूर बरतें

**भोपाल** । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ग्राम निवासियों से अपील की है, कि वे गर्मी के मौसम में विद्युत संबंधी उपकरणों के प्रचालन में अतिरिक्त सावधानी बरतें। कंपनी ने कहा है कि अनावश्यक विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंभों से छेड़खानी करना जान पर भारी पड़ सकता है, वहीं विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत ऐसा करना दण्डनीय अपराध है। बिजली के उपकरणों, केबल से जरा-सी असावधानी या छेड़खानी करने से दुर्घटनाएं हो सकती हैं। ऐसी लाइनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है यदि ऑंधी तूफान या अन्य किसी कारण से नीचे आ गई हैं तो उन्हें अकस्मात् छूकर खतरा मोल न लें। यदि लाइन टूट गई है तो इसकी सूचना शीघ्र ही निकटस्थ बिजली कंपनी के अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को दें। जब तक कोई नहीं आता है, तब तक वहां निगरानी रखें, ताकि अंजाने में कोई अन्य व्यक्ति टूटे तार को छुए नहीं। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि नये घर बनाते समय विद्युत पारेषण अथवा वितरण लाइन से समुचित दूरी रखें। यह कानून की दृष्टि से भी आवश्यक है। उचित फासले के विषय में स्थानीय बिजली कंपनी के अधिकारी से सलाह जरूर लें ताकि सुरक्षा बनी रहे। विशेष रूप से खेतों खलिहानों में ऊँची -ऊँची घास की गंजी, कटी फसल की ढेरियाँ, झोपड़ी, मकान अथवा तंबू आदि विद्युत लाइनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें। विद्युत लाइनों के नीचे से अनाज, भूसे आदि की ऊँची भरी हुई गाड़ियाँ न निकालें, इससे आग लगने एवं प्राण जाने का खतरा है। बिजली के तारों पर कपड़े आदि डालना दुर्घटना को निमंत्रण देना है। अपने खेत खलिहान पर या संपत्ति की सुरक्षा हेतु अवरोधक तारों (फेन्सिंग वायर्स) में विद्युत प्रवाहित न करें।

**मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने की अपील**

### भारत का अग्रणी रेसिंग प्लेटफॉर्म - मई 2025 से चयन ट्रायल शुरू करेगा

## पेट्रोनास टीवीएस इंडिया वन मेक चैंपियनशिप

**एजेंसी ● बैंगलोर**

टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) - एक अग्रणी वैश्विक वाहन निर्माता जो दोपहिया और तिपहिया सेगमेंट में काम करती है - ने आज पेट्रोनास टीवीएस इंडिया वन मेक चैंपियनशिप, 2025 सीज़न के शुभारंभ की घोषणा की। चयन ट्रायल 9 मई से 11 मई, 2025 के बीच मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) में कई श्रेणियों - टीवीएस वाईएमआरपी (यंग मीडिया रेसर प्रोग्राम), टीवीएस महिला ओएमसी, टीवीएस रूकी ओएमसी और टीवीएस आरआर 310 ओएमसी के लिए आयोजित किए जाएंगे।

**ट्रायल**

पेट्रोनास टीवीएस इंडिया वन मेक चैम्पियनशिप देश के प्रमुख रेसिंग प्लेटफार्मों में से एक है और यह उभरती प्रतिभाओं की खोज और प्रशिक्षण के माध्यम से भारत के मोटरस्पोर्ट परिदृश्य को आकार दे रहा है। यह चैंपियनशिप विशेषज्ञ मार्गदर्शन और राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्रदान करती है, जिससे रेसर्स को अपने कौशल को निखारने और भारतीय मोटरस्पोर्ट्स को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।

**पेट्रोनास टीवीएस ओएमसी 2025 - चयन मानदंड और कार्यक्रम:** आगामी सीज़न पर बात करते हुए, टीवीएस मोटर कंपनी के हेड बिजनेस – प्रीमियम, विमल सुंबली ने कहा, "टीवीएस रेसिंग मोटरस्पोर्ट के जुनून और भारत में रेसिंग प्रतिभाओं के भविष्य को आकार देने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है। पेट्रोनास टीवीएस इंडिया वन मेक चैम्पियनशिप महत्वाकांक्षी सवारों के लिए एक लॉन्चपैड रही है, जो लिंग के पार की बाधाओं को तोड़ रही है। हमारे अग्रणी 'ट्रैक टू रोड' दर्शन के माध्यम से, हम सिर्फ चैंपियन ही नहीं बनाते हैं - हम अपने उच्च प्रदर्शन वाले टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिलों में अत्याधुनिक रेस तकनीक लाते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर सवार नवाचार के रोमांच का अनुभव करे।

### टीवीएस वन मेक चैम्पियन शिप : कैटेगरी ओवरव्यू

**टीवीएस रुकी ओएमसी (2022 में लॉन्च):** युवा और महत्वाकांक्षी रेसर्स के लिए प्रवेश बिंदु के रूप में डिज़ाइन की गई, रुकी श्रेणी सवारों को रेस-स्पेक टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 मोटरसाइकिलों पर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने की अनुमति देती है। इसके शुभारंभ के बाद से, 100 से अधिक सवारियों को इस पहल से लाभ मिला है।

**टीवीएस आरआर 310 ओएमसी (2018 में लॉन्च):** अनुभवी रेसर्स के लिए डिज़ाइन की गई, इस श्रेणी में उच्च प्रदर्शन वाली टीवीएस अपाचे आरआर 310 रेस बाइक शामिल है। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक रेसर्स ने भाग लिया है, जिनमें से कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में आगे बढ़े हैं।

**टीवीएस यंग मीडिया रेसर प्रोग्राम (वाईएमआरपी):** 2017 में लॉन्च किया गया, वाईएमआरपी युवा ऑटोमोटिव और मोटरस्पोर्ट्स पत्रकारों के साथ-साथ प्रभावशाली लोगों को प्रत्यक्ष रेसिंग अनुभव प्रदान करता है। प्रतिभागियों को रेस-स्पेक टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4वी मोटरसाइकिलों पर प्रतिस्पर्धा करने से पहले सिद्धांत और अभ्यास दोनों को शामिल करते हुए कठोर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है।


### न कहीं शिकायत दर्ज, न मुआवजा, न ही जिम्मेदारों को सजा

## गड्ढे, खुले चैंबर और सड़कों की दरारें ले रहीं जान

**संवाददाता ● इंदौर**

सड़क की दरारों, खुले चैंबरों और गड्ढों की वजह से कई बड़े हादसे हो चुके हैं। इन हादसों में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन न तो किसी पीड़ित को कोई मुआवजा मिलता है, न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई होती है। इन सभी मामलों में पीड़ितों की कहीं पर शिकायत भी दर्ज नहीं होती। नगर निगम की जलकार्य समिति के प्रभारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि दो दिन पहले पलासिया क्षेत्र में हुए एक हादसे में एक महिला की जान जाने के बाद निगम जागा और तुरंत सड़कों की दरारें भरने के लिए काम शुरू कर दिया। वायएन रोड पर नगर निगम कमिश्नर के आदेश के बाद तुरंत सड़कों की दरारों को भरा गया। चैंबरों के रखरखाव की निगरानी की व्यवस्था करेंगे। इसके लिए बहुत जल्दी जीओ टैगिंग लागू की जाएगी। काम में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। चैंबर की शिकायत मिलने पर एजेंसी को कार्रवाई करना होती है। अगर वह ऐसा नहीं कर रही है तो हम कार्रवाई करेंगे।

**कार्रवाई**



**हादसों में नंबर वन है इंदौर** – पूरे देश में स्वच्छता के मामले में नंबर वन इंदौर सड़क हादसों के मामले में भी पूरे मप्र में नंबर वन है। साल 2024 में इंदौर में कुल 6,075 सड़क हादसे हुए हैं। 2023 में इनकी संख्या 5,714 थी। प्रदेश के अन्य शहरों की बात की जाए तो भोपाल दूसरे, जबलपुर तीसरे और ग्वालियर चौथे नंबर पर है। यहां क्रमशः 5,390, 4148, 3,092 सड़क हादसे हुए हैं। इंदौर में होने वाले सड़क हादसों में बड़ी संख्या उन हादसों की भी है जो सड़क की दरारों, खुले चैंबरों और गड्ढों की वजह से होते हैं।

**किसी तरह का मुआवजा नहीं देता निगम** – इस तरह के हादसों के लिए सरकार, प्रशासन और नगर निगम के द्वारा किसी तरह का कोई मुआवजा नहीं दिया जाता। न तो जिम्मेदारों की लापरवाही तय होती है न ही पीड़ित को इंसाफ मिल पाता है।

### ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा वर्ष 2023-24 में 704 यात्रियों को उनकी खोयी हुयी संपत्ति दी

## बीते वित्तीय वर्ष के दौरान रेल सुरक्षा बल ने कई उपलब्धियाँ हासिल की

**पश्चिम मध्य रेल वित्तीय वर्ष अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की समयावधि के दौरान रेल सुरक्षा बल द्वारा निम्न उपलब्धियां प्राप्त की गई।**

**संवाददाता ● भोपाल**

रेल सुरक्षा बल, रेल संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारियों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने हेतु चौबीस घंटे सतत् कार्य करते हुये सुरक्षित माल परिवहन के साथ-साथ रेल यात्रियो की सुरक्षा एवं सहायता भी कर रही है। पश्चिम मध्य रेल वित्तीय वर्ष अप्रैल 2024 से मार्च 2025 की समयावधि के दौरान रेल सुरक्षा बल द्वारा निम्न उपलब्धियां प्राप्त की गई।

**सुरक्षा**

**ऑपरेशन नन्हे फरिश्तेः** ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेल के द्वारा वर्ष 2023-24 में 428 बिछड़े/घर से भागे/अपहरण का शिकार हुये बच्चों को उनके परिजनों/पुलिस/गैर सरकारी संगठन जैसे चाइल्ड लाइन इत्यादि को सुपुर्द किया था तथा वर्ष 2024-25 में 595 बिछडे/ घर से भागे/अपहरण का शिकार हुये बच्चों को उनके परिजनों/पुलिस/ गैर सरकारी संगठन जैसे चाइल्ड लाइन इत्यादि को सुपुर्द किया।









**ऑपरेशन अमानत** : ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा वर्ष 2023-24 में 704 यात्रियों को उनकी खोयी हुयी संपत्ति (जैसे- मोबाइल, लैपटॉप, पर्स, ज्वैलरी इत्यादि) अनुमानित कीमत 2,04,25,289/- रूपये को सुपुर्द किया तथा वर्ष 2024-25 में 916 यात्रियों को उनकी खोयी हुयी संपत्ति (जैसे- मोबाइल, लैपटॉप, पर्स, ज्वैलरी इत्यादि) अनुमानित कीमत 1,81,87,108 /- रूपये को सुपुर्द किया।

**ऑपरेशन जीवन रक्षा** : ऑपरेशन जीवन रक्षा के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा वर्ष 2023-24 में 14 यात्रियों की जान को बचाया गया तथा वर्ष 2024-25 में 31 यात्रियों की जान को बचाया गया।

**ऑपरेशन मेरी सहेली** : ऑपरेशन मेरी सहेली के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा वर्ष 2023-24 में 6,985 ट्रेनों में 52,511 महिलाओं को आरपीएफ महिला अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा अटेंड कर आवश्यक सहायता प्रदान की गयी। तथा वर्ष 2023-24 में 7,521 ट्रेनों में 58,312 महिलाओं को आरपीएफ महिला अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा अटेंड कर आवश्यक सहायता प्रदान की गयी। पमरे रेल सुरक्षा बल द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में भी इसी प्रकार अभियान जारी रखा जायेगा।




गर्मी का मौसम है... ऐसे में दोपहर में जहां तेज धूप हो रही है, ऐसे में यदि छांव मिल जाए तो सुकून की नींद आ ही जाती है। गांधी हॉल के बाहर ब्रिज पर छांव में नींद लेता सख्श।

## शॉट न्यूज

### किराये पर ली कार हड़पी, केस दर्ज

**इंदौर**। भंवरकुआं पुलिस ने कार रेंटल पर देने वाले व्यक्ति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज किया है। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी अक्षय पिता निश्चित डेविड निवासी विजयनगर के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी अक्षय ने उसकी कार किराए पर चलने के लिए ली थी। 2 महीने तक उसने किराया दिया फिर किराया देना बंद कर दिया। जितेंद्र ने किराया मांगा तो देने में आनाकानी करने लगा। जितेंद्र ने गाड़ी मांगी तो आरोपी ने नहीं दी। फरियादी ने पुलिस की शरण ली और आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज करवाया। इसी प्रकार फरियादी रमजान पिता नजीर खान 25 साल की रिपोर्ट पर आरोपी शुभम निवासी देवास के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज किया है।

### ग्राहक बनकर आए बदमाश ने ज्वेलर्स की दुकान से जेवर चुराए

**इंदौर**। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक ज्वेलर्स की दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंचे बदमाश ने सोने के टॉप्स खरीदने के बहाने सोने की झुमकी और चैन चुरा ली। फरियादी दुर्गेश पिता अशोक सोनी 40 साल मूल निवासी मंदसौर हाल मुकाम लिंबोदी ने पुलिस को बताया कि उसकी गणेश नगर में महालक्ष्मी ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। उसके मुताबिक 6 अप्रैल की दोपहर 1 बजे एक युवक आया और 900 रुपए की चांदी की रिंग खरीदी और फिर बोला कि मेरी पत्नी के लिए सोने के टॉप्स दिखाओ। फरियादी दुर्गेश सोनी ने टॉप्स दिखाएं और कुछ देर बाद युवक बोला कि बाद में जाकर खरीद लूंगा और चला गया। थोड़ी देर बाद दुर्गेश ने डिब्बे देखे तो उसमें सोने के एक जोड़ झुमकी और चेन गायब मिली। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे तो युवक चुराते हुए कैद हो गया।

### ट्रांसफॉर्मर में लगी भीषण आग

**इंदौर**। नेहरू नगर रोड नंबर 9 में अटल द्वार मेन रोड पर आज सुबह एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जोर से फाल्ट के बाद आग ने भीषण रूप ले लिया। आग कांग्रेस नेता कमलेश पटेरिया के घर पास लगी थी। वे तुरंत नीचे पहुंचे और रहवासियों से मिलकर मेन रोड पर ट्रैफिक डाइवर्ट किया। इसी बीच फायर ब्रिगेड पहुंच गई थी जिसे आने में 20 मिनट लगे। जहां डीपी थी वही नीचे गैस रिपेयर दुकान थी और छोटे 4 भरे सिलेंडर भी रखे थे। डीपी के करीब ही हाउसिंग की बिल्डिंग थी, जिसके 2 मकानों में तक आग पहुंच चुकी थी। फायर टीम ने आग पर काबू पा लिया और बड़ा हादसा टल गया। रहवासियों ने राहत की सांस ली।

### शहर के कई इलाकों में बोरिंग खराब होने से लोगों के सामने पानी की किल्लत

# बोरिंग सुधारने निगम को नहीं मिल रही ठेकेदार फॉर्म!

**संवाददाता ● इंदौर**

गर्मी शुरू हो चुकी है और शहर में पानी के आपूर्ति स्रोत में बोरिंग प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इन बोरिंगो से लोगों को सतत जल आपूर्ति के लिए इनका संचालन संधारण और मेंटेनेंस किया जाता है। हालांकि नगर निगम को शहर के करीब 5000 से अधिक बोरिंग को सुधारने के लिए ठेकेदार फॉर्म नहीं मिल रही है।

**समस्या**

बताया जाता है कि शहर के 5000 से भी अधिक बोरिंग को सुधारने के लिए वर्तमान में एक ही फॉर्म कार्य कर रही है। जिसका टेंडर भी फरवरी में समाप्त हो चुका है। नई फॉर्म की नियुक्ति के लिए तीन बार टेंडर जारी हो चुके हैं। हालांकि शुरुआत के दो बार में पुरानी फॉर्म ने ही मेंटेनेंस करने की रुचि दिखाई है। कोई नई फॉर्म ने बोरिंगो के संचालन संधारण के लिए टेंडर नहीं डाले हैं।

जानकारी अनुसार गर्मी में नर्मदा प्रोजेक्ट के अलावा बोरिंग लोगों को पानी की आपूर्ति में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। बताया जाता है कि शहर भर में निगम के 22 झोन क्षेत्र में कुल 6017 सरकारी बोरवेल हैं। वर्षों से इन बोरवेल का मेंटेनेंस और खराब होने पर सुधारने का काम एक ही कान्ट्रेक्टर फर्म द्वारा ठेके पर किया जा रहा है।

ऐसे में कहा जा सकता है कि इस एकमात्र ठेकेदार फर्म की बोरिंग सुधारने के लिए मोनोपाली चलती है। हालांकि फरवरी मैं इस ठेकेदार फॉर्म का ठेका पूर्ण हो चुका है। इस पर पिछले महीने टेंडर जारी किए गए हैं। शहर को चार भागों में बाट टेंडर जारी कर किए गए ताकि ज्यादा से ज्यादा ठेकेदार भाग और जनता की समस्या का समाधान करें, लेकिन पहली बार जारी किए टेंडर में एक ही कान्ट्रेक्टर ने फार्म डाला। यह ठेकेदार वही पुरानी कर्म रही जो पूर्व से मेंटेनेंस करती आ रही है। इसने निगम के तय रेट से 10 प्रतिशत रेट ज्यादा डाला। इस पर टेंडर कैंसिल कर दूसरी बार फिर से जारी किए गए।



#### दूसरी बार भी किसी फॉर्म ने नहीं दिखाई रुचि

जानकारी अनुसार निगम ने जब दूसरी बार टेंडर जारी किए तब भी अन्य किसी फॉर्म ने बोरिंग सुधारने और संचालन करने के लिए रुचि नहीं दिखाई। दूसरी बार में भी पुराने ठेकेदार के अलावा कोई ठेकेदार नहीं आया और रेट भी ज्यादा आए। निगम ने टेंडर कैंसिल कर तीसरी बार जारी किए। अब देखना है कि तीसरी बार में भी क्या अकेले पुराने ठेकेदार का ही टेंडर आता है या अन्य कोई फार्म भी रुचि दिखाई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि तीसरी बार भी एकमात्र टेंडर ही आता है तो आवेदन करने वाली फर्म को ही बोरिंग सुधारने और मेंटेनेंस का कॉन्ट्रैक्ट दे दिया जाएगा। इसके पीछे यह भी कारण बताया जा रहा है कि तीन बार से अधिक टेंडर जारी करना विशेष परिस्थिति में ही संभव होता है।

### बेहतर कार्य अनुभव के आधार पर लागू होगा कोर्स

# तकनीकी कार्यों में महारत हासिल लोगों को यूजीसी देगा डिग्री-डिप्लोमा

**संवाददाता ● इंदौर**

बिना डिग्री डिप्लोमा के बेहतर कार्य कर रहे अनुभवी लोगों को अब उनके कार्यानुभव के आधार पर डिग्री दिए जाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अर्थात यूजीसी ने पहल की है। यूजीसी ऐसी तकनीकी दक्ष लोगों के लिए उच्च शिक्षा में रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल) लागू करने की तैयारी में है। इसके तहत उन लोगों के ज्ञान और कौशल को औपचारिक रूप से मान्यता दी जाएगी, जिन्होंने अनौपचारिक तरीके से खुद अध्ययन या कार्य अनुभव के जरिए विशेषज्ञता हासिल की है। यूनिवर्सिटी अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में

**पहल**



दुनियाभर में कंपनियां सिर्फ डिग्री पर नहीं, बल्कि कौशल पर ध्यान दे रही हैं। ऐसे में यह पहल युवाओं और पेशेवरों के लिए बड़े अवसर लेकर आएगी। अब जो लोग औपचारिक शिक्षा से दूर रह गए थे, वे भी अपने ज्ञान और अनुभव को मान्यता दिलाकर कॅरियर में आगे बढ़ सकेंगे। यूजीसी ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को इसे लागू करने के निर्देश दे दिए हैं। इंडस्ट्री में काम करने वाले अपने अनुभव और प्रशिक्षण के आधार पर प्रोफेशनल डिग्री या सर्टिफिकेट कोर्स कर सकेंगे।

**बिना दोबारा पढ़ाई के मिलेगी डिग्री :** यूजीसी का मानना है कि कई लोग किसी खास फील्ड में सालों तक काम कर ज्ञान और अनुभव प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन पारंपरिक शिक्षा की कमी के कारण वे आगे नहीं बढ़ पाते। अब वे दोहराव वाली पढ़ाई से बचते हुए सीधे डिग्री या डिप्लोमा कोर्स का हिस्सा बन सकते हैं। इस पहल के जरिए भारत में भी वैश्विक मानकों के अनुरूप शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा।

## वल्लभ नगर में बनी सर्वसुविधायुक्त पुलिस चौकी, रहवासियों ने भी किया सहयोग

**संवाददाता ● इंदौर**

एक ओर सम्पूर्ण विश्व राम नवमी का पावन पर्व हर्षोलास के साथ मना रहा था। वहीं, दूसरी ओर, वार्ड क्रमांक 47 स्थित इंदौर की सबसे पुरानी पोर्स कॉलोनी वल्लभ नगर को पुलिस चौकी के रूप में सुरक्षा की नई सौगात प्राप्त हुई। राम नवमी के उपलक्ष मे थाना तुकोगंज क्षेत्र में जन सहयोग से वल्लभ नगर में नव निर्मित पुलिस चौकी का लोकार्पण थाना प्रभारी जितेंद्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी यादव ने बताया कि, इस चौकी की स्थापना क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा एवं हो रही आपराधिक गतिविधियों के रोकथाम में कारगर साबित होगी। थाना प्रभारी ने उपस्थित जनसामान्य को इस चौकी स्थापना में सहयोग के लिए बधाई एवं धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम के दौरान



एसआई अंजना परमार ने उपस्थित सभी रहवासियों को महिला सुरक्षा की जानकारी दी गई। वहीं, सचिन त्रिपाठी द्वारा जन सुरक्षा व साइबर अपराधों के सबंध में जानकारी दी गई। इस लोकार्पण के कार्यक्रम में थाना तुकोगंज के अन्य पुलिस कर्मियों के साथ वल्लभ नगर के हेतल पटेल, रूपेश पटेल, आशित राजकोटिया, अंकुर परमाल, रघु यादव, पं. अनूप शुक्ला, वरिष्ठ जन, महिलाएं तथा दुबे का बगीचा क्षेत्र रहवासी एवं राजकुमार मिल ओवरब्रिज के आसपास के क्षेत्रीय रहवासी उपस्थित थे।

### 200 फीट के बजाय अब सड़क बनेगी 60 फीट चौड़ाई में, इसमें सिर्फ 150 के करीब ही निर्माण आएंगे जद में

# 40 वर्षों में चंदन नगर रिंग रोड नहीं बनी, अब चौड़ाई कम कर बनाने की तैयारी

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर के शहर की रिंग चंदन नगर से एरोड्रम तक रिंग रोड नहीं बन पाने के कारण अधूरी रही। अभी भी भारी वाहन बड़ा गणपति क्षेत्र से गुजरते है। मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई दो सौ फीट है। अब वहां इतनी बसाहट हो चुकी है कि इतनी चौड़ाई में सड़क बनना संभव नहीं है। इसे देखते हुए नगर निगम ने रिंग रोड के बजाए अब चंदन नगर लिंक रोड बनाने का फैसला लिया है।

**विकास**

200 फीट के बजाए सड़क 60 फीट चौड़ाई में बनेगी। इसमें सिर्फ डेढ़ सौ से ज्यादा निर्माण ही हटेंगे। नगर निगम के बजट में इस सड़क को भी मंजूरी दी गई है, ताकि लोग धार रोड से एरोड्रम रोड तक आ जा सके। फिलहाल कालानी नगर से विजयश्री नगर ब्रिज तक 60 फीट चौड़ाई में सड़क बनकर तैयार है, लेकिन उसके आगे कही 30 तो कही 40 फीट सड़क की चौड़ाई है। अब नगर निगम इसे बाधक हिस्से हटाकर 60 फीट चौड़ाई में बनाना चाहता है।

वर्ष 2008 में चंदन नगर रिंग रोड बनाने की कवायद हो चुकी थी। तत्कालीन कलेक्टर विवेक अग्रवाल चाहते थे कि यह सड़क बन जाए। उन्होंने चंदन नगर क्षेत्र के रहवासियों को स्कीम-136 में प्लॉट भी अलॉट कर दिए थे। तब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस सड़क का भूमिपूजन भी कर दिया था, लेकिन बाद में सरकार की तरफ से सड़क बनाने की अनुमति नहीं मिली और फिर सड़क कभी नहीं बन पाई। प्राधिकरण के अफसर नप्ती करने जाते थे तो उन्हें धमकाया जाता था। अब यह सड़क नगर निगम 18 मीटर चौड़ाई में बनाने की तैयारी कर रहा है। मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई बदलने के लिए प्रस्ताव भी भेजने की तैयारी की जा रही है मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि दो प्रमुख मार्गों की लिंक रोड के रुप में इस सड़क को बनाया जाएगा।



# माता-पिता की आंखें प्री-नर्सरी किताबें और बेस्ट नेचरल स्क्रीन हैं

म लगभग 51 साल पहले, एक छह साल के बच्चे ने जब कक्षा पहली में सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार प्राप्त किया, तो वह मुख्य अतिथि को धन्यवाद देना भूल गया। अगले दिन, प्रिंसिपल ने उसे इस चूक के लिए फटकार लगाई। बच्चे ने धीमी आवाज में उत्तर दिया, ह्लसर, मैं मुख्य अतिथि को धन्यवाद देना भूल गया क्योंकि मैं दर्शकों में बैठे अपने गर्वित माता-पिता की चमकती आंखों को देख रहा था। अब 57 साल की उम्र में, पिछले महीने मुंबई में एक पुरस्कार लेते समय उस बच्चे ने बचपन के इस वाकिए को याद करते हुए कहा, ह्लआज मैं फिर से एक मूल्यवान पुरस्कार ले रहा हूं और पहली पंक्ति में बैठी अपनी गर्वित मां की चमकती आंखें देख रहा हूं।ह्ल जैसे ही उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला ने अपना भाषण जारी रखा, कई लोगों ने अपनी नम आंखें पोंछने के लिए रूमाल निकाले।

यह घटना मुझे हाल ही में मेरी एक यात्रा के दौरान तब याद आई जब मेरी नजर एक छोटे बच्ची की मुस्कान और चमकती आंखों पर पड़ी, जो शायद अपनी मां का ध्यान खींचने की कोशिश कर रही थी। लेकिन उसकी मां फोन में व्यस्त थी। ध्यान खींचने की कोशिश में बच्ची ने अपनी मां की ड्रेस खींची और संतुलन खोकर सीट के गद्देदार हैंडल पर सिर मार लिया। मां मुड़ी, लेकिन उससे पहले ही मैं उसके माथे को अपने हाथ से सहलाने लगा था। मैं कहना चाहता था, ह्यआपके फोन में ऐसा क्या है जो उससे ज्यादा जरूरी है?ह्ल लेकिन शिष्टाचार ने मुझे रोक दिया। गुजरते समय के साथ मेरी और बच्ची की नजरें बार-बार मिलती रहीं।

इस प्रक्रिया में एहसास ही नहीं हुआ कि मैंने आंखों-आंखों का खेल खेलते हुए लगभग 15 मिनट बिता दिए। हां, मुझे पता है कि छोटे बच्चों की देखभाल करना

> इस प्रक्रिया में एहसास ही नहीं हुआ कि मैंने आंखों-आंखों का खेल खेलते हुए लगभग 15 मिनट बिता दिए। हां, मुझे पता है कि छोटे बच्चों की देखभाल करना थकाऊ, रिपीटिटिव और अकेलेपन वाला होता है, लेकिन निश्चित रूप से उबाऊ नहीं। मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि मैं मोबाइल-ब्रिक-एरा (मोबाइल फोन के दौर) में बच्चों की परवरिश !नहीं कर रहा हूं

थकाऊ, रिपीटिटिव और अकेलेपन वाला होता है, लेकिन निश्चित रूप से उबाऊ नहीं। मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि मैं ह्लमोबाइल-ब्रिक-एराह्ल (मोबाइल फोन के दौर) में बच्चों की परवरिश नहीं कर रहा हूं! हां, हम सभी इस फोन को हर समय साथ लेकर चलते हैं। दिलचस्प बात यह है कि हमारी दुनिया केवल इस पर केंद्रित है कि बच्चे ऑनलाइन नुकसान से कैसे निपट रहे हैं। हमें सिर्फ स्क्रीन टाइम पर निगरानी की सलाह दी जा रही है, ताकि उन्हें सुरक्षित रख सकें। लेकिन हम भूल गए कि यही नियम हम माता-पिता पर भी लागू होता है। वास्तव में, जेन एक्स और बेबी बूमर्स अब युवा लोगों की तुलना में ऑनलाइन अधिक समय बिताते हैं। अन्यथा बताइए कि जब कोई बच्चा मुस्कान जीतने की कोशिश कर रहा हो या कुछ दिखाना चाहता हो, तो हम उस पर ध्यान क्यों नहीं देना चाहते? हम किस तरह के जरूरतमंद, असुरक्षित वयस्क बना रहे हैं? यात्रा के दौरान उस मां ने कुछ वीडियो भी लिए। मुझे हमेशा ऐसे माता-पिता से डर लगता है जो अपने बच्चों को कैमरे के लेंस से ज्यादा देखते हैं। मुझे दृढ़ता से विश्वास है कि हर सेकंड की फिल्मिंग हमेशा पोस्ट करने की चीज नहीं होती। मेरे लिए वह ह्लबेचारी क्लिक-एडिक्टह्ल थी। जोनाथन हैड्ट अपनी किताब ह्लएंग्जियस जेनरेशनह्ल में कहते हैं कि कम फोन उपयोग का मतलब था कि बच्चों में मिसिंग आउट की बेचैनी कम हुई, नींद बेहतर ली और दोस्तों से मिलने का समय मिला और वे कम अकेला महसूस करते थे। क्या आपको नहीं लगता कि यह हम माता-पिता पर भी लागू होता है?जब आपकी आंखें बच्चों की आंखों से मिलती हैं, तो विश्वास करें, उनमें भावनाओं की बाढ़ आ जाती है क्योंकि बच्चे स्वीकृति, प्रशंसा, आश्वासन, प्यार, सुरक्षा, देखभाल और गारंटी का मतलब सीखते हैं।

## संत वचन

आज, चर्च एंटिओक के प्रसिद्ध सेंट इग्नाटियस का पर्व मनाता है, जो एक महान चर्च फादर और प्रारंभिक चर्च के प्रसिद्ध शहीदों में से एक थे, जिनका साहस, विश्वास और ईश्वर के प्रति समर्पण वास्तव में हम सभी के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायक है। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा।ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें।

# वक्फ का मुद्दा बिहार के चुनावों में असर दिखाएगा?

**एडिट.नोट**

वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने पर राजनीतिक दलों की ओरि से तीखी प्रतिक्रियाएं आई है बिहार में 2025 के अंत में चुनाव होने हैं। यह सच है कि बिहार में मुस्लिम मतदाता बड़ी तादाद में हैं और वे बिहार के कई विधानसभा क्षेत्रों में नतीजों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इसके बावजूद मुझे नहीं लगता कि वक्फ को लेकर बिहार में जदयू और एनडीए की चुनावी संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वैसे भी यह गठबंधन कभी भी मुस्लिम मतदाताओं की पहली पसंद नहीं रहा है। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में मुस्लिम वोटर कुल मतदाताओं का लगभग 18% हैं। राज्य में 40 सीटें ऐसी हैं, जहां 25% से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। 20 अन्य सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम मतदाताओं का अनुपात 20-25% के बीच है। अमौर और कोचाधामन जैसे क्षेत्रों में तो 74% मुस्लिम मतदाता हैं, वहीं बायसी और बहादुरगंज में लगभग 70% मुस्लिम मतदाता हैं। बिहार के कुल 243 विधानसभा क्षेत्रों में से लगभग 60-70 सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। किसी एक या दूसरी पार्टी के पक्ष में मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण पार्टी या गठबंधन की चुनावी संभावनाओं को उज्ज्वल कर सकता है। लेकिन मुस्लिम मतदाताओं में नाराजगी से एनडीए की चुनावी संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ सकता, क्योंकि पसमांदा मुसलमानों में लोकप्रिय होने के बावजूद नीतीश 2015 के चुनाव को छोड़कर मुस्लिम वोटों को अपने पक्ष में नहीं ला पाए हैं।

2015 में उन्होंने राजद और कांग्रेस के साथ महागठबंधन किया था। लेकिन आज केंद्र और राज्य दोनों जगहों पर भाजपा के साथ गठबंधन में होने की वजह से नीतीश मुस्लिम वोटों को आकर्षित करने में सक्षम नहीं हैं। लोकनीति-सीएसडीएस के चुनाव-उपरांत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि राजद के नेतृत्व वाले गठबंधनों ने ही पिछले तीन दशकों में मुस्लिम वोटों का बड़ा हिस्सा हासिल किया है। 2005 के चुनावों में मुस्लिम मतदाताओं ने बड़ी संख्या में राजद+ को वोट दिया था, हालांकि राजद गुट यह चुनाव हार गया था।

तब 40% मुसलमानों के वोट राजद+ को मिले थे, जबकि मात्र 4% ने ही भाजपा+ को वोट दिया था, जिसमें जदयू भी शामिल थी। कांग्रेस को 13% वोट मिले थे। मुस्लिम मतदाताओं के एक महत्वपूर्ण हिस्से (34%) ने अन्य छोटी पार्टियों और निर्दलीय उम्मीदवारों को वोट दिया था। यह राजद और उसके सहयोगियों के 15 साल के शासन से मुस्लिमों के मोहभंग के कारण हो सकता है। यहां यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि 2015 में कांग्रेस राजद की सहयोगी थी, जबकि 2005 में ऐसा नहीं था। पांच साल तक सत्ता में रहने के बाद, एनडीए कुछ मुस्लिम वोटों को आकर्षित करने में कामयाब रहा। 2010 के चुनावों के दौरान एनडीए ने मुस्लिम समर्थन में मामूली वृद्धि देखी और 21% मुस्लिम मतदाताओं ने एनडीए को वोट दिया। इसके विपरीत, राजद के लिए समर्थन विभाजित था। 32% ने राजद का समर्थन किया और 22% ने कांग्रेस का। 2010 के चुनावों में कांग्रेस ने राजद के साथ गठबंधन नहीं किया था। 2015 में राजद, जदयू और कांग्रेस के महागठबंधन में मुस्लिमों का जबर्दस्त एकीकरण हुआ और 69% मुस्लिम मतदाताओं ने इस गठबंधन का समर्थन किया था। केवल 6% ही एनडीए के साथ गए। 2013 में भाजपा और जदयू के बीच दरार आने और जदयू के राजद से हाथ मिलाने से जदयू को मुस्लिम मतदाताओं के बीच विश्वसनीयता हासिल करने में मदद मिली।

नीरज कौशल- लेखक

# ट्रम्प का ट्रेड-वॉर दुनिया को बहुत महंगा पड़ने जा रहा है

क्या दुनिया के देश ट्रम्प के टैरिफ-युद्ध के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ेंगे? विश्लेषकों की दलील तो यही है कि ट्रम्प की धौंस के आगे झुकने के बजाय दुनिया को उनसे लड़ने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाना चाहिए। उनका मत है कि ट्रम्प के दबाव में आना समस्या का समाधान नहीं है। ट्रम्प को तो यह देखना अच्छा ही लगेगा कि दुनिया के नेता उन्हें खुश करने के लिए उनके घुटनों पर गिरें। तब वो धमकाने के दूसरे तरीके खोजने लगेंगे। उनके ह्यमागाह्ल अभियान वाले इसे अमेरिका के फिर से ह्यमहानह्ल बनने का संकेत समझेंगे।

लेकिन यह देखना वाकई शानदार होगा कि दुनिया के बाकी देश मिलकर जवाबी कार्रवाई करें, अमेरिका के चारों ओर टैरिफ की दीवार बनाएं और दुनिया की इस महाशक्ति को वैश्विक रूप से बहिष्कृत कर दें। इससे अमेरिका के बाहर वैश्विक कारोबार बढ़ेगा। साथ ही, यह उन तमाम राजनेताओं के लिए भी एक जरूरी सबक होगा, जो विश्व व्यापार व्यवस्था को कुचलने की आकांक्षा रखते हैं और जो अपने बेतुके सिद्धांतों को अमल में लाने के लिए दुनिया को मंदी में झोंकने से भी नहीं कतराएंगे।

यूं तो अमेरिका के बाहर की दुनिया बहुत बड़ी है, लेकिन क्या यूरोप ट्रम्प का मुकाबला करने के लिए एशियाई देशों के साथ हाथ मिला सकता है? या यूरोप ट्रम्प को सबक सिखाने के लिए अमेरिका के दो संकटग्रस्त पड़ोसियों मेक्सिको और कनाडा का साथ देगा? या फिर यूरोपीय संघ के 27 अमीर देश आखिरकार अपनी नींद से जागेंगे और अमेरिका के साथ ट्रेड-वॉर में शामिल होंगे? अफसोस कि ऐसा नहीं होने वाला। हाल-फिलहाल में तो नहीं। पिछले हफ्ते ट्रम्प द्वारा अपने आयात पर 20% टैरिफ की घोषणा करने के बाद ईयू ने सबसे पहले अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के बजाय इस पर विचार किया कि चीन को यूरोप में अपना माल डम्प करने से कैसे रोकें। नतीजतन, ब्रसेल्स ने चीनी ईवी पर 35% टैरिफ लगा दिया और वह दूसरे चीनी उत्पादों पर भी बहुत अधिक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। चीन पर ट्रम्प के टैरिफ की बौछार ने यूरोप को भी चीनी माल पर टैरिफ लगाने के लिए प्रेरित किया है। यानी ट्रम्प का सामना करने के बजाय यूरोप ने उलटे चीन के साथ ट्रेड-वॉर छेड़ दिया है। जब बात अमेरिका की आती है, तो यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के बीच जवाबी कार्रवाई के लिए आम सहमति नहीं बन पाती है। कुछ ईयू देश यूरोपीय संघ के ह्यट्रेड-बाजूकाह्ल का उपयोग करना चाहते हैं। यह एंटी-कोर्शन इंस्ट्रूमेंट (एसीआई) यूरोपीय संघ को अमेरिकी तकनीकी, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है।

फ्रांस, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम एसीआई का उपयोग करने के पक्ष में हैं, लेकिन अन्य देश- विशेष रूप से इटली, रोमानिया, ग्रीस और हंगरी इसके खिलाफ हैं। वे अमेरिका से बातचीत करना पसंद करते हैं। यूरोपीय संघ की नौकरशाही के भीतर नीति निर्माण की गति इतनी धीमी है कि अगर कोई आम सहमति बन जाती है, तो भी यूरोपीय संघ ट्रम्प के टैरिफ-युद्ध का मुकाबला नहीं कर पाएगा। लेकिन कम से कम इस तरह की कार्रवाई ट्रम्प को अपने टैरिफों पर पुनर्विचार करने को जरूर मजबूर कर सकती है। 2023 में, यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच 818 अरब डॉलर का सर्विसेस ट्रेड था, जिसमें अमेरिका का ट्रेड सरप्लस 119 अरब डॉलर का था।लेकिन एशियाई देशों के बारे में क्या? पर्चेसिंग पॉवर पैरिटी के आधार पर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। उसने अमेरिकी माल पर 35% टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई की है। लेकिन क्या एशियाई देश ट्रेड-वॉर लड़ने के लिए चीन का साथ देंगे? जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया तो एशिया में चीन के प्रभाव को नियंत्रित रखने के मिशन में अमेरिका के साझेदार रहे हैं। वे ट्रम्प को विश्व व्यापार व्यवस्था को नष्ट करने से रोकने के लिए चीन का साथ कैसे दे सकेंगे? और क्या भारत चीन से सुरक्षा-जोखिमों को नजरअंदाज करेगा और अमेरिका के बढ़ते संरक्षणवाद का मुकाबला करने के लिए चीन और अन्य एशियाई देशों के साथ गठबंधन बनाएगा? कई देशों ने चीन पर एंटी-डम्पिंग शुल्क लगाया है।

## बिजनेस

### गिरावट के बाद सेंसेक्स 1135 अंक चढ़कर बंद

# 74200 के पार पहुंचा, निफ्टी में 374 अंक की तेजी

**मुंबई।** कल की 3% की गिरावट के बाद शेयर बाजार में आज 8 अप्रैल को तेजी रही। सेंसेक्स 1135 अंक या 1.55% चढ़कर 74,273 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 374 अंक या 1.69% की तेजी रही, ये 22,535 के स्तर पर बंद हुआ है। आज के कारोबार में मीडिया, रियल्टी और सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी दिखी। निफ्टी मीडिया इंडेक्स 4.72% चढ़ा। वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक और रियल्टी इंडेक्स करीब 2.50% चढ़े। ऋटउऋ, आईटी और ऑटो में करीब 2% की तेजी रही।एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स करीब 6% चढ़कर बंद हुआ। वहीं हॉन्गकॉन्ग के इंडेक्स में 1.51% की तेजी रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि कई देश टैरिफ पर बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। इससे ट्रेड वॉर टेंशन थोड़ी कम हुई है। निफ्टी 50 और सेंसेक्स के चार्ट ओवरसोल्ड फ्रक लेवल दिखा रहे थे। इससे शॉर्ट-कवरिंग और नई खरीदारी की उम्मीद पहले से थी।

7 अप्रैल को अमेरिका का डाउ जोन्स 349 अंक (0.91%) गिरकर 37,965 पर बंद हुआ। र&ढ 500 इंडेक्स में 0.23% की गिरावट रही। नैस्डेक कंपोजिट 0.09% चढ़ा था। जापान के निक्केई में 7.83%, कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 5.57%, चीन का शंघाई इंडेक्स 7.34% गिरा है। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 13.22% की गिरावट रही थी। यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स इंडेक्स 4.26% गिरकर बंद हुआ। वङ के ऋळरए 100 इंडेक्स में 4.38% और स्पेन का क्इए 35 इंडेक्स 5.12% गिरकर बंद हुआ था। 7 अप्रैल को भारतीय शेयर बाजार में साल की दूसरी बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 2226 अंक (2.95%) गिरकर 73,137 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 742 अंक (3.24%) की गिरावट रही, ये 22,161 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले 4 जून 2024 को बाजार 5.74% गिरा था। शेयर बाजार में बिकवाली से निवेशकों की वेल्थ करीब 15 लाख करोड़ रुपए घट गई है। शुक्रवार, 4 अप्रैल को इरए पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप 404 लाख करोड़ रुपए था, जो सोमवार को बाजार बंद होने के बाद लगभग 389 लाख करोड़ रुपए रह गया है।3 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। भारत पर 26% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा। इस कदम ने टैरिफ वॉर शुरू कर दिया है। अमेरिका के टैरिफ के जवाब में चीन ने अमेरिका पर 34% जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा।

चीन के ऐलान के बाद ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि अगर चीन अमेरिका पर लगाया गया 34% टैरिफ वापस नहीं लेता है तो उस पर बुधवार से 50% एडिशनल टैरिफ लागू होगा। टैरिफ वॉर ने इकोनॉमिक स्लोडाउन की चिंता को बढ़ा दिया है। टैरिफ से सामान महंगा होने पर लोग कम खरीदारी करेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी हो सकती है।

### राज-काज

## सोना दो दिन में 2,464 गिरकर 88,550 पर आया चांदी 2,547 सस्ती हुई

**मुंबई।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 8 अप्रैल को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (क्हखअ) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 535 गिरकर 88,550 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 89,085 थी। एक किलो चांदी की कीमत 29 गिरकर 90,363 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 90,392 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 और 3 अप्रैल को सोने ने 91,205 का ऑल टाइम हाई बनाया था। सिर्फ दो कारोबारी दिनों में ही सोने के दाम में 2,464 की गिरावट आई है। पिछले हफ्ते के आखिर में सोना 91,014 प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं चांदी का दाम 2,547 गिरा है, पिछले हफ्ते ये 92,910 पर थी।

# ट्रम्प ने मस्क के टैरिफ वापस लेने का प्रस्ताव ठुकराया:जीरो टैरिफ जोन की डिमांड की थी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टेस्ला के उएड इलॉन मस्क के टैरिफ नीति को वापस लेने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक मस्क ने ट्रम्प से टैरिफ नीति में बदलाव करने की अपील की थी, लेकिन ट्रम्प ने इसे वापस लेने से मना कर दिया है। दरअसल इलॉन मस्क, ट्रम्प से जीरो टैरिफ जोन की डिमांड कर रहे हैं। मस्क ने इटली में एक कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अमेरिका और यूरोप को जीरो टैरिफ पॉलिसी अपनानी चाहिए। उन्होंने ट्रंप की टैरिफ नीति को अव्यवहारिक बताया था।

रेसिप्रोकल टैरिफ के एलान के बाद इलॉन मस्क की नेटवर्थ करीब 94 हजार करोड़ रुपए कम हुई है। 2025 की शुरूआत से अब तक ये 9.4 लाख करोड़ रुपए कम हुई है। मस्क की नेटवर्थ नवंबर 2024 के बाद से पहली बार 300 बिलियन डॉलर के स्तर से नीचे आई है।ट्रम्प किसी भी देश पर रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ को नहीं रोकेंगे। व्हाइट हाउस ने उन सभी खबरों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि ट्रम्प चीन को छोड़कर सभी देशों पर 90 दिनों तक रेसिप्रोकल टैरिफ रोकने पर विचार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने सोमवार को कहा कि यूरोपीय यूनियन (एव) अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है। एव ने अमेरिका को इंडस्ट्रीयल प्रोडक्ट्स पर टैरिफ हटाने की पेशकश की है। ब्रुसेल्स में बोलते हुए उसुर्ला ने कहा कि इन टैरिफ की वजह से सबसे पहले अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यापारियों को भारी लागत उठानी पड़ती है, लेकिन इनका दुनिया की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ता है। ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ ऐलान के बाद बीते हफ्ते के आखिरी दो कारोबारी दिन में डाउ जोन्स करीब 9% गिरा था। लगातार तीन कारोबारी दिन में डाउ जोन्स करीब 10% गिरा है। लगातार चार कारोबारी दिन में अमेरिकी बाजारों का मार्केट कैप 5.11 ट्रिलियन डॉलर घट चुका है। इससे पहले ट्रम्प ने रविवार को अमेरिका और दुनियाभर के बाजारों में आई गिरावट पर कहा था कि 'कभी-कभी किसी चीज को ठीक करने के लिए दवा लेनी पड़ती है।' रॉयटर्स के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देशों ने हमारे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया।

# मुद्रा योजना के 10 साल, 32 लाख करोड़ लोन दिया:लाभार्थियों में 68% महिलाएं; मोदी बोले- योजना ने लोगों के सपनों को हकीकत बनाया

**नई दिल्ली।** 8 अप्रैल को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 साल पूरे हो हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह 9 बजे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (ढटट ) के लाभार्थियों से बात किया और उन्हें बधाई दी। नरेंद्र मोदी ने कहा, ह्यआज, जब हम मुद्रा योजना के 10 साल( #10ी१२डाटवअ्रूअ) पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस योजना ने लोगों को सशक्त बनाकर कई सपनों को हकीकत में बदला है।

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा- यह दिखाता है कि भारत के लोगों के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। हर मुद्रा ऋण अपने साथ सम्मान, स्वाभिमान और अवसर लेकर आता है।मुद्रा योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में की थी, जिसका उद्देश्य बिना गारंटी के माइक्रो और छोटे व्यवसायों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। पिछले 10 वर्षों में इस योजना के तहत 52 करोड़ ऋण खाते खोले गए और कुल 32 लाख करोड़ रुपए का लोन दिया गया । इस योजना में 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं, और 50 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हर उद्यमी को ऋण मिले यह सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा, ह्यलोन लेकर उद्यमी आत्मविश्वास के साथ अपने व्यवसाय को बढ़ा सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने 7 अप्रैल को एक प्रेस रिलीज में मुद्रा योजना से लोगो जींदगी में आए बदलाव साझा किए। जिनमें, कमलेश जो दिल्ली में एक घरेलू दर्जी थीं, उन्होंने अपने व्यवसाय को बढ़ाया, तीन अन्य महिलाओं को रोजगार दिया और अपने बच्चों को अच्छे स्कूल में भर्ती कराया। बिंदु नाम की महिला जो पहले रोज 50 झाड़ू बनाती थी, अब 500 झाड़ू बनाने वाली एक यूनिट चलाती हैं, शामिल हैं। इस योजना से छोटे शहरों और गांवों तक कारोबार बढ़ा। रङउउल की ह्लआउटकम्स ऑफ मोदीनॉमिक्स 2014-24 रिपोर्ट के अनुसार 2014 से हर साल कम से कम 5.14 करोड़ नए रोजगार शुरू हुए हैं, जिसमें अकेले ढटट ने 2014 से प्रति वर्ष 2.52 करोड़ एवरेज स्थिर रोजगार जोड़े हैं। जम्मू-कश्मीर में इस मुद्रा योजना के तहत सबसे ज्यादा लाभ हुआ है।



कोच्चि में गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा कथित अवैध भुगतान मामले में उनकी बेटी वीना का नाम आने के बाद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिसकर्मियों ने पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, बुधवार, 09 अप्रैल, 2025
www.adityabharat.com



### मध्यप्रदेश 2024-25 में फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग मंजूर कराने में देश में पहले स्थान पर

# राष्ट्रीय हाईवे की मंजूरी के लिए केंद्र सरकार से करें समन्वय : सीएम

● **प्रगतिरत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा कर सभी को समय पर पूरा करने के दिए निर्देश**

**संवाददाता ● भोपाल**

**मंजूरी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सड़क विकास के काम में हम किसी से भी पीछे न रहें। प्रदेश में सड़कों विशेषकर अधिक यातायात वाले राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार से उच्च कोटि का समन्वय करें। आपसी संवाद में कोई कमी न रखें, ताकि राजमार्गों की मंजूरी और निर्माण के कामों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ। यादव सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश में प्रगतिरत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में लोक निर्माण एवं एनएचएआई के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने सभी निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता (परफार्मेंस गारंटी) के साथ तय समय-सीमा में ही पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजमार्ग परियोजनाओं से जुड़े भू-अधिग्रहण के लंबित मामलों को आपसी वार्ता के जरिए शीघ्र सुलझाया जाए। बैठक में बताया गया कि गत वित्त वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग मंजूर कराने के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर रहा है। यह मध्यप्रदेश को केंद्र सरकार द्वारा दी गई बड़ी सौगातों में से एक है। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उज्जैन शहर में बाबा महाकाल मंदिर के पास से एक एलिवेटेड रोड बनाया जा सकता है, जो रेलवे स्टेशन को सीधा कनेक्ट करे। इससे महाकाल दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का बेहतर तरीके से यातायात प्रबंधन किया जा सकेगा।



## केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी 10 अप्रैल को आएंगे बदनावर

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एनएचएआई के अधिकारियों ने अवगत कराया गया कि आगामी 10 अप्रैल को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी धार जिले के बदनावर आएंगे। यहां वे एक गांव में एनएचएआई द्वारा निर्मित की गईं 218 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकर्पण करेंगे। इनकी कुल लागत 3502 करोड़ रुपए है। इसी प्रकार एनएचएआई द्वारा निर्मित की जाने वाली 110 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भूमिपूजन भी इसी अवसर पर केंद्रीय मंत्री द्वारा किया जाएगा। इन सभी निर्माण कार्यों की लागत 2330 करोड़ रुपए है। मुख्यमंत्री प्रदेश की 7 प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी से करेंगे आग्रह। बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश में नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की 7 परियोजनाएं पाइप लाइन में हैं। इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी मिलना शेष है। यह जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि इन अत्यधिक आवश्यकता वाले मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित करने के लिए वे स्वयं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी से आग्रह करेंगे। बताया गया कि बदनावर-पेटलावद-थांदला 4 लेन मार्ग निर्माण (लंबाई 80 किमी, लागत 1500 करोड़ रु), पूर्वी इंदौर बायपास मार्ग निर्माण (लंबाई 77 किमी, लागत 3500 करोड़) एवं उज्जैन-झालावाड़ 4 लेन मार्ग का निर्माण कार्य (लंबाई 134 किमी, लागत 2200 करोड़ रु) अत्यंत जरुरी है। यह तीनों राजमार्ग विकास कार्य 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। इसी प्रकार मिसरौद से औबेदुल्लागंज खण्ड रा।रा।- 46 का 6 लेन में उन्नयन एवं निर्माण (लंबाई 19.32 किमी, लागत 280 करोड़) और अन्य रोड बनाई जाना है।

## शॉट न्यूज

### शादी का कार्ड देख थाने पहुंची गर्लफ्रेंड, दूल्हा पहुंचा जेल

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के बड़नगर थाना क्षेत्र के पीरझलार गांव से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सभी को हैरानी में डाल दिया है। यहां एक युवक की 15 अप्रैल को होने वाली शादी को लेकर तैयारियां जारी थी। कोई घर की सजावट करने में लगा हुआ था, तो कोई नई दुल्हन का स्वागत करने के नए-नए तरीके खोज रहा था, लेकिन इन सब के बीच इस शादी समारोह की खुशियां उस समय गायब हो गई। जब एक युवती थाने पहुंच गई, जिसने दूल्हे पर ही दुष्कर्म के आरोप लगा दिए। बड़नगर थाने क्षेत्र के पीरझलार गांव में रहने वाले दीपक (21) के खिलाफ एक युवती ने अपने परिजन के साथ थाने पहुंचकर यह शिकायत दर्ज कराई है।

### भोपाल में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**भोपाल।** छोला थाना क्षेत्र स्थित उड़िया बस्ती में मंगलवार सुबह एक युवक का शव मंदिर के पेड़ से लटका मिला। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक, अंशु वानखेड़े(20) एक होटल में हाउसकीपिंग का काम करता था और अक्सर रात में अपने दोस्तों के घर सोने चला जाता था। सोमवार देर रात भी वह इसी तरह घर से निकला था। मंगलवार तड़के करीब 5 बजे जब मोहल्ले के एक पड़ोसी सूर्य नमस्कार के लिए बाहर निकले, तो उन्होंने मंदिर के पास पेड़ से लटकता हुआ शव देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अंशु के परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही छोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

### ग्वालियर में हिट एंड रन, CCTV वीडियो आया सामने

**ग्वालियर।** ग्वालियर में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। सड़क पर पैदल जा रहे एक युवक को पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो ने रौंद दिया। युवक को टक्कर मारने के बाद चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना थाटीपुर के कबीर पार्क इलाके की है, जो पिछले सप्ताह की बताई जा रही है। इस घटना का CCTV फुटेज मंगलवार सामने आया है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान की तैयारी कर रही है। थाटीपुर थाना क्षेत्र की कबीर कॉलोनी निवासी राकेश कुमार सिसोदिया एक निजी कंपनी में कर्मचारी हैं। वह रोजाना घर से पैदल मुख्य मार्ग तक जाकर कंपनी की बस से फैक्ट्री जाते हैं। 1 अप्रैल की शाम जब वह बस से उतरकर घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी।

# कोर्ट से निकली बहू, देखते ही फूट पड़ा सास का गुस्सा

### कर डाला बुरा हाल, भागे-भागे पहुंचे लोग

**संवाददाता ● देवास**

**वायरल**

मध्य प्रदेश के देवास से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक सास और बहू के बीच जमकर झगड़ा हुआ। बात इतनी आगे बढ़ गई कि सास ने बहू को जमकर पीटा। इसमें बहू को चोट भी आई। दरअसल, जिला न्यायालय में भरण पोषण की पेशी से निकल रही बहू को कोर्ट परिसर में मौजूद सास ने जमकर पीटा। अब इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बहू मोनिका ने अपनी सास और उनके परिजनों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में केस दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि पिछले करीब 3 साल से मोनिका का अपने पति के साथ विवाद चल रहा है। अब सास से भी उसका झगड़ा हो गया। फिलहाल बहू ने अपनी सास पर भी मारपीट और अन्य धाराओं में केस दर्ज करा दिया है। दरअसल, एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें महिला एक पुरुष और अन्य महिला से मारपीट करती नजर आ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक मोनिका धोसी और उसके पति आनन्द धोसी का भरण पोषण को लेकर देवास जिला न्यायालय में वाद विवाद चल रहा है। उनके केस की सोमवार को पेशी थी। पेशी करके लौट रही बहू को जब खिजवाई सास ने न्यायालय के बाहर देखा तो उसका गुस्सा फूट पड़ा। फिर उसने बहू की जमकर कुटाई कर दी। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मोनिका ने बताया कि 3 साल से उनका अपने पति आनन्द संग वाद विवाद न्यायालय में चल रहा है। जैसे पेशी करके वह बाहर निकली तो उन पर उनकी सास ने हमला कर दिया। उनके साथ गाली गलौच कर मारपीट की। इसकी रिपोर्ट मोनिका ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर करवाई है। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति भी मरता पिटता था और शक करता था। अब उसका विवाद न्यायालय में चल रहा है। सिविल लाइन थाना प्रभारी रोहित पटेल ने बताया कि मोनिका और उसके पति आनन्द धोसी का वाद विवाद कोर्ट में चल रहा है।



## सुहागरात पर दूल्हे का ऐसा राज खुला, तीन महीने तक तनाव फिर दुल्हन ने उठाया ये कदम

**संवाददाता ● रतलाम**

सुहागरात दूल्हा दुल्हन के लिए एक यादगार पल होता है, लेकिन क्या हो जब पता चले कि आपका पार्टनर नपुंसक हो? जी हां, ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के रतलाम से सामने आया है। यहां शादी के बाद सुहागरात पर दुल्हन को पता चला कि दूल्हा नपुंसक है। इसे लेकर घर में ऐसा तनाव हुआ कि मामला पुलिस तक जा पहुंचा। दुल्हन का आरोप है कि जब उसने पति की बीमारी के बारे में ससुराल वालों से पूछा तो वो उसे प्रताड़ित करने लगे। यहां तक कि दहेज लाने की भी मांग करने लगे। जब टॉर्चर बर्दाश्त न कर सकी तो दुल्हन तीन महीने बाद थाने पहुंची। उसने पुलिस को सारी बात बताई। फिर ससुरालियों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट और दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करवाया। विवाहिता की रिपोर्ट पर उसके पति, सास-ससुल व चाचा ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महिला ने पुलिस को बताया की है कि दिसंबर 2024 में उसकी शादी हुई थी। माता-पिता ने सोने-चांदी के जेवर, कपड़े व अन्य सामान दिया था। विवाह के 15 दिन बाद उसे पता चला कि उसके पति का नपुसंकता का इलाज चल रहा है। जब पति इस बारे में बात की तो पति ने कहा कि उसका इलाज चल रहा है, यह बात किसी को मत बताना। तभी से उनके बीच झगड़ा चल रहा है। वह विवाह के तीन माह बाद मायके आई। इसके बाद परिवार को पूरी बात बता। विवाहिता ने कहा- तीन दिन पहले मेरे माता-पिता व भाई मेरे ससुराल गए तथा मेरे पिता ने मेरे पति से बात की तो पति, सास, ससुर और चाचा ससुर मेरे माता-पिता व भाई के साथ गाली-गलौज करने लगे।

# बैरसिया रोड पर सड़क हादसा, ट्रॉली पलटी

### ढलान से उतरने पर बिगड़ा संतुलन, मुंडन में शामिल होने जा रहे 7 लोग घायल





**संवाददाता ● भोपाल**

**हादसा**

भोपाल के बैरसिया रोड पर मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गुनगा थाना क्षेत्र के गोंगा कलारा गांव के पास मुंडन संस्कार में जा रही ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 8 से 10 लोग घायल हो गए। ट्रॉली में सेन समाज के करीब 15 से 20 लोग सवार थे।

घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। 10 संजीवनी 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं और राहत व बचाव कार्य शुरू हुआ। ट्रॉली पलटने के बाद कई लोग उसके नीचे दब गए थे, जिन्हें ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया। गुनगा थाना के सब इंस्पेक्टर एचएस वर्मा ने बताया कि सभी लोग मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। ट्रॉली जैसे ही ढलान से नीचे उतरी, उसका संतुलन बिगड़ा और वह पलट गई। दुर्घटना में कई लोगों को सिर और हाथ-पैर में चोटें आई हैं। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल भेजा गया है। 108 एम्बुलेंस के सीनियर मैनेजर तरुण सिंह परिहार ने बताया कि सभी घायलों को तत्काल हॉस्पिटल पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हादसा वाहन में तकनीकी खराबी की वजह से हुआ या चालक की लापरवाही इसका कारण बनी।


## चहेरे पर नकाब, हाथ में बारूद जबलपुर में बदमाशों के हौसलें बुलंद

**संवाददाता ● जबलपुर**

**घटना**

मध्य प्रदेश के जबलपुर में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। हाल ही में ओमती थाना क्षेत्र की रॉयल होम्स कॉलोनी में घटी एक सनसनीखेज वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चार नकाबपोश बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में फायरिंग करते हुए कई बम फेंके, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना का वीडियो कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें आरोपी साफ तौर पर वारदात को अंजाम देते हुए नजर आ रहे हैं।

फारिंग और बम फेंकने की घटना के बाद पीड़ित सोनू सोनकर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सोने ने बताया कि वह रॉयल होम्स कॉलोनी में रहता है। बीती रात चार अज्ञात नकाबपोश बदमाश दो मोटरसाइकिलों में सवार होकर उसके घर के सामने आए और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। हमले के दौरान एक के बाद एक कई देसी बम भी उसके घर की तरफ फेंके गए। गनीमत यह रही कि किसी को गोली नहीं लगी और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।



इस घटना के बाद से ही पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बदमाशों ने बिल्कुल फिल्मी स्टाइल में सड़क पर खड़े होकर फायरिंग और बमबाजी की। यह पूरी घटना मात्र कुछ मिनटों में घटित हुई और इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फिर उन्होंने जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को इस हमले के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका लग रही है। सोनू सोनकर ने कुछ संदेहियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं, जिन पर मामले में शामिल होने का शक है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। वारदात ने फिर यह साबित कर दिया है कि अपराधियों के हौसले कितने बढ़ चुके हैं।

### जिला अस्पताल से अटैच होंगे, सरकार रखेगी नियंत्रण, 25 गाय या भैंस रखने वालों को अनुदान

# एमपी में पीपीपी मॉडल पर खुलेंगे मेडिकल कॉलेज

**संवाददाता ● भोपाल**

**बैठक**

मध्यप्रदेश सरकार पीपीपी मोड पर निजी मेडिकल कॉलेज के लिए अब 1 रुपए भू-भाटक पर 25 एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध कराएगी। यह निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। कैबिनेट ने सरकार के पूर्व में लिए उस निर्णय भी पलट दिया, जिसमें जिला अस्पतालों को प्राइवेट डवलपर को सौंपने का फैसला हुआ था। पशु आहार अनुदान भी 20 से बढ़ाकर 40 रुपए कर दिया है। मंत्रि परिषद ने मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना का नाम बदलकर डॉ. आंबेडकर योजना कर दिया है। योजना 14 अप्रैल को लांच की जाएगी। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि कैबिनेट बैठक में तय हुआ है कि एक रुपए में 25 एकड़ सरकारी जमीन निजी मेडिकल कालेज को उपलब्ध कराएंगे। अब तक निजी मेडिकल कालेज के लिए निवेशक को खुद जमीन अरेंज करनी पड़ती है। इसके लिए टेंडर डाक्यूमेंट नियम में संशोधन किया गया था। इससे पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज तेजी से खोले जाएंगे।

**निजी मेडिकल कॉलेज को डेवलपर से संबद्ध करेंगे** - डिप्टी सीएम शुक्ल ने बताया कि कैबिनेट ने जिला अस्पतालों को प्राइवेट डेवलपर को ट्रांसफर करने का पुरानी सरकार का फैसला पलट दिया है। पहले इसमें डेवलपर को अस्पताल सौंपने का प्रावधान किया गया था। अब जिला अस्पताल यथावत रहेंगे। इस पर सरकार का नियंत्रण रहेगा। शुक्ल ने कहा कि अब निजी मेडिकल कॉलेज को डेवलपर से संबद्ध किया जाएगा, इसके लिए एक कमेटी बनेगी, जिसमें जिला अस्पताल का भी हस्तक्षेप होगा। ऐसे में अस्पताल पर सरकार का सीधा नियंत्रण रहेगा और जिला अस्पताल अपग्रेड होगा। जिला अस्पताल में 75 प्रतिशत निःशुल्क सुविधा आयुष्मान कार्डधारकों को मिलेगी। आम आदमी के लिए जिला अस्पताल आसानी से उपलब्ध रहेगा।



### पशु आहार अनुदान बढ़ाया

डिप्टी सीएम ने बताया कि आज की कैबिनेट गौमाता पर समर्पित रही है। पशुपालन विभाग के माध्यम से गौशालाओं के निर्माण के साथ आहार अनुदान 40 रुपए करने का फैसला किया गया है। पहले यह 20 रुपए था। गौवंश विहार के लिए पीपीपी मोड पर निवेशकर्ताओं को बुलाने के लिए पालिसी को मंजूरी दी है। पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने कहा कि पांच हजार गौवंश रखने के लिए पीपीपी मॉडल तैयार कर रहे हैं, जिसके लिए बिडिंग होगी।

### 25 गाय या रखने वालों को अनुदान देंगे

मंत्री ने बताया कि निवेशक से पूछेंगे कि वह कितने दिन तक योजना का लाभ लेंगे। इससे निराश्रित गौवंश को पालने में मदद मिलेगी। इसी साल इस पर काम शुरु करेंगे। इसके लिए बिडिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। कैबिनेट ने विभाग की आठ योजनाओं को चलाए रखने के साथ यह तय किया है कि 25 गाय या भैंस रखने वालों को अनुदान दिया जाएगा। एक व्यक्ति 200 गाय या भैंस का पालन कर दुग्ध उत्पादन कर सकेगा।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, बुधवार, 09 अप्रैल, 2025
www.adityabharat.com



# ऐश्वर्या राय का यह हीरो था साउथ का स्टार

## हुआ ऐसा हाल कि बेच दिए सब फ्लैट और जमीन



ऐश्वर्या राय के साथ इस तस्वीर में नजर आ रहा यह एक्टर पता है कौन है? इसने ऐश्वर्या से लेकर तब्बू समेत कई और एक्ट्रेसेस के साथ काम किया। कमल हासन और ममूटी जैसे स्टार्स के साथ भी नजर आया। साल 2000-2006 के बीच इसने जबरदस्त स्टारडम देखा और कई हिट फिल्में दीं, लेकिन अचानक ही इसका करियर इस कदर गर्त में गया कि टॉयलेट क्लीनर का काम करने लगा था। यह हैं एक्टर मिर्जा अब्बास अली, जो अब सिर्फ अब्बास के नाम से मशहूर हैं। मिर्जा अब्बास ने फिल्म इंडस्ट्री में करीब दो दशक तक काम किया। इस दौरान वह कमल हासन और शाहरुख खान के साथ फिल्म 'हे राम' में भी नजर आए थे। मिर्जा अब्बास अलीने साल 1996 में तमिल फिल्म Kadhal Desam से एक्टिंग डेब्यू किया था, जिसमें मशहूर स्टार तब्बू और विनीत जैसे एक्टर्स थे। यह फिल्म सुपरहिट रही थी, और मिर्जा अब्बास रातोंरात तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में छा गए। इसके बाद उन्होंने तेलुगू सिनेमा में भी एंट्री की।

# पॉटी में हमने साथ डांस किया और फिर

## 15 वर्ष छोटी राशा से फ्रेंडशिप पर तमन्ना भाटिया ने कही दिल की बात

कहते हैं कि जिस तरह प्यार में न उम्र देखी जाती है, न पद, न कद और न ही कुछ और...उसी तरह से ये बात दोस्ती के रिश्ते पर भी सटीक बैठती है। दोस्ती का रिश्ता दुनिया के सबसे खूबसूरत रिश्तों में से एक होता है। ये एक ऐसा रिश्ता होता है जिसे हम खुद चुनते या बनाते हैं। दोस्ती भी कभी भी, किसी से भी, कहीं भी हो सकती है। उम्र में कोई बड़ा हो या छोटा ये रिश्ता सभी बंधनों को तोड़कर आगे बढ़ता है। हम आपसे दोस्ती को लेकर बातें इसलिए कर रहे हैं क्योंकि बॉलीवुड में भी दो हसीनाओं के बीच उम्र में ज्यादा गैप होने के बावजूद दोस्ती का रिश्ता बन गया है। एक की उम्र सिर्फ 20 साल है, जबकि दूसरी 35 साल की हैं। दोनों की उम्र में 15 साल का गैप है फिर भी ये हसीनाएं सबसे कीमती रिश्ते के लिए आगे आई हैं। यहां बात हो रही है तमन्ना भाटिया और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की। तमन्ना ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में राशा थडानी संग अपनी दोस्ती पर खुलकर बात की। उन्होंने परमिट रूम पॉडकास्ट पर कहा, "हाल ही में राशा और मेरा एक पार्टी के दौरान मिलना हुआ था। राशा ने अभी बॉलीवुड मेंअपनी शुरुआत की है। हम पार्टी में मिले और फिर हम साथ डांस करने लगे। उसके बाद से ही हम एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।" तमन्ना भाटिया ने राशा और उनकी उम्र के बीच 15 साल के एज गैप पर भी बात की। उन्होंने कहा, "हमारी उम्र के बीच बहुत ज्यादा गैप है, लेकिन उम्र से कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि जिन लोगों के साथ हमारा नेचर मिलता है।

### राशा ने 'आजाद' से किया डेब्यू

तमन्ना भाटिया कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं और उन्होंने आइटम नंबर्स से भी पहचान बनाई हैं। वहीं राशा ने इसी साल फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड डेब्यू किया है। अजय देवगन की इस फिल्म में राशा के अपोजिट अजय के भतीजे अमन देवगन नजर आए थे।



# सुहाना खान की मां बनेंगी दीपिका पादुकोण

## फिल्म 'किंग' में शाहरुख की प्रेमिका का निभाएंगी रोल, फैंस बोले- सबकी मम्मी बनेंगी





सुहाना खान जल्द ही फिल्म 'किंग' के जरिए अपना थियेट्रिकल डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ पिता शाहरुख खान भी नजर आएंगे। खबरों की मानें तो एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण भी इस फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं। पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार एक्ट्रेस फिल्म में सुहाना की मां का किरदार निभाएंगी। हालांकि, ये एक एक्सटेंडेड कैमियो रोल होगा। फिल्म 'किंग' को डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद बना रहे हैं। इन्होंने 'पठान' और 'वॉर' जैसी फिल्में बनाई है। एक्ट्रेस अपने हिस्से की शूटिंग कब करेंगी इस लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पीपिंग मून की रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान और डायरेक्टर सिद्धार्थ दोनों ही चाहते थे कि ये रोल दीपिका ही करें। दीपिका को लेकर जब से ये खबर आई हैं, उनके फैंस कुछ ज्यादा खुश नजर नहीं आ रहे हैं। उनका मानना है कि वो खुद को एक तरह के रोल में बंधा रही हैं। कुछ फैंस ने कमेंट में ये तक लिखा कि दीपिका शाहरुख की, सुहाना की और फ्यूचर में आर्यन...सबकी मम्मी बनेंगी। उनकी पिछली कुछ फिल्मों की बात करें तो साल 2024 में फिल्म 'कल्कि' में उनका किरदार एक मां का था। साल 2023 में डायरेक्टर एटली की 'जवान' में शाहरुख की मां की भूमिका निभाई थी। साल 2022 में 'ब्रह्मास्त्र' पार्ट 1 रणबीर कपूर की मां की भूमिका निभाई थी। बता दें कि साल 2024 के सितंबर में एक्ट्रेस असल जिंदगी में भी मां बनीं। उन्होंने अपनी बेटी दुआ को जन्म दिया।

# सॉरी बोल गाना हुआ रिलीज तो उर्वशी ने चहल और हार्दिक के डिवोर्स पर भी कर दिया कमेंट



एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अक्सर चर्चा में बनी रहती हैं. एक्ट्रेस हाल ही में सनी देओल की फिल्म जाट के 'सॉरी बोल' गाने में दिखाई दी हैं. इस गाने के सामने आने के बाद से ही उर्वशी फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई हैं. गाने में जबरदस्त परफॉर्मेंस देने वाली उर्वशी का कनेक्शन क्रिकेट की दुनिया से भी जोड़ा जाता है. दरअसल, उर्वशी का नाम लगातार क्रिकेटर ऋषभ पंत के साथ जोड़ा जाता रहा है. इसी बीच उन्होंने अब क्रिकेट के वर्ल्ड में लगातार बैक टू बैक हुए डिवोर्स को लेकर कमेंट किया है. उर्वशी ने हार्दिक पांड्या और चहल के डिवोर्स पर टिप्पणी की है. साल 2013 में 'सिंह साब द ग्रेट' के साथ बॉलीवुड में कदम रखने वाली एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला से हाल ही में इंटरव्यू के दौरान महिलाओं को लेकर बात की जा रही थी. इंटरव्यू में महिलाओं को इंडस्ट्री में हर चीज के लिए ब्लेम किए जाने पर सवाल पूछा गया. हालांकि, इस बार उर्वशी ने काफी संभलते हुए जवाब देने का ज्यादा बेहतर तरीका समझा. दरअसल, उनसे क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और हार्दिक पांड्या के डिवोर्स में उनकी पत्नियों पर बात आने के बारे में पूछा गया. फिल्मी ज्ञान से बातचीत के दौरान पूछे गए सवाल के जवाब में उर्वशी रौतेला ने सीधे तौर पर कुछ भी टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा, हम कोई नहीं होते हैं।

# 'फिर से प्यार में पड़ना अच्छा लग रहा है'



एक्ट्रेस और मॉडल नताशा स्टैनकोविक अपनी एक इंस्टाग्राम पोस्ट की वजह से फिर से चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा - 'Falling in love again feels nice' यानी 'फिर से प्यार में पड़ना'। उनकी इस पोस्ट के बाद लोग पूछने लगे कि क्या उनकी जिंदगी में कोई नया इंसान आ गया है? ये सब ऐसे वक्त में हुआ है जब नताशा के एक्स-हसबैंड और क्रिकेटर हार्दिक पांड्या का नाम ब्रिटिश गायिका जैस्मिन वालिया के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों को लेकर बीते कुछ दिनों से काफी चर्चा है। इसी बीच नताशा ने बताया कि वो आने वाले समय को लेकर क्या सोचती हैं। उन्होंने 'टाइम्स ऑफ इंडिया' को दिए इंटरव्यू में कहा, 'जैसे-जैसे नया साल शुरू हुआ है, मैं नई चीजों के लिए तैयार हूं - चाहे वो कोई मौका हो, नया अनुभव हो या शायद फिर से प्यार। मैं प्यार से दूर नहीं हूं। जो कुछ भी जिंदगी में आएगा, मैं उसे अपनाना चाहती हूं। मुझे लगता है कि जब सही वक्त होता है, तब खुद-ब-खुद जुड़ाव बनता है। मैं उन रिश्तों को अहम मानती हूं जो भरोसे और समझ पर टिके होते हैं। मेरा मानना है कि प्यार मेरी जिंदगी का हिस्सा बने, ना कि मेरी जिंदगी को ही बदल दे।' नताशा ने ये भी कहा कि पिछला साल उनके लिए आसान नहीं था। उन्होंने बताया, 'पिछला साल मेरे लिए काफी मुश्किलों भरा था, लेकिन मैं उस समय के लिए शुक्रगुजार हूं। मैंने कई तरह के अनुभव किए- कुछ अच्छे, कुछ बुरे; पर मेरा मानना है कि इंसान उम्र से नहीं, अनुभवों से समझदार बनता है।' नताशा सर्बिया से हैं और साल 2012 में भारत आई थीं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 'जॉनसन एंड जॉनसन' जैसे ब्रांड के लिए मॉडलिंग से की थी। साल 2013 में उन्होंने प्रकाश झा की फिल्म 'सत्याग्रह' से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने 'ऐयो जी' गाने में अजय देवगन के साथ डांस किया था। 2014 में वो 'बिग बॉस 8' का हिस्सा बनीं और एक महीने तक शो में रहीं। इसके बाद उन्होंने मशहूर गाने 'डीजे वाले बाबू' में डांस किया, जिससे उन्हें बड़ी पहचान मिली। 2016 में वो '7 आवर्स टू गो' नाम की फिल्म में पुलिस अफसर के किरदार में नजर आईं, जिसमें उन्होंने एक्शन सीन भी किए थे। 2017 में उन्होंने 'फुकरे रिटर्न्स' के गाने 'मेहबूबा' में डांस किया, जिसे काफी पसंद किया गया।


# लखनऊ ने केकेआर को चार रनों से हराया, रहाणे का अर्धशतक और रिंकू की कोशिश गई बेकार

एजेंसी ● कोलकाता

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने रोमांचक मुकाबले में केकेआर को हराया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता के लिए रहाणे और रिंकू सिंह ने शानदार पारियां खेली, लेकिन टीम जीत हासिल करने से चार रन पीछे रह गई।कप्तान अजिंक्य रहाणे के अर्धशतक और रिंकू सिंह की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच में चार रन से हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाए थे। जवाब में केकेआर की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 234 रन ही बना सकी। रहाणे ने 35 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन बनाए, जबकि रिंकू ने 15 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने क्विंटन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवा दिया था जो 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सुनील नरेन और रहाणे ने दूसरे विकेट के लिए 50+ रनों की साझेदारी की। हालांकि, दिग्वेश राठी ने नरेन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नरेन 13 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रहाणे इसके बाद भी नहीं रुके और उन्होंने 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। रहाणे और वेंकटेश अय्यर जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो लग रहा था कि केकेआर शायद इस विशाल लक्ष्य को हासिल कर सकती है, लेकिन शार्दुल ने रहाणे को आउट कर केकेआर को बड़ा झटका दिया।

रहाणे के आउट होने के बाद केकेआर की पारी लड़खड़ा गई और उसने रमनदीप (1), अंगकृष रघुवंशी (5), वेंकटेश अय्यर (45) और आंद्रे रसेल (7) के विकेट गंवाए। केकेआर के लिए इसके बाद लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल लग रहा था, लेकिन रिंकू ने अंतिम ओवरों में धमाल मचाया। केकेआर को आखिरी ओवर में जीत के लिए 24 रन की जरूरत थी, लेकिन टीम 20 रन ही बना सकी। इस तरह लखनऊ ने यह मुकाबला अपने नाम किया। केकेआर के लिए हर्षित राणा 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। लखनऊ की ओर से आकाश दीप और शार्दुल ठाकुर ने दो-दो विकेट लिए, जबकि आवेश खान, दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई को एक-एक विकेट मिला। लखनऊ के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर का स्कोर 200 के पार पहुंच गया है। केकेआर के लिए रिंकू सिंह क्रीज पर मौजूद हैं। केकेआर ने 18वें ओवर की समाप्ति तक सात विकेट पर 201 रन बना लिए हैं। शार्दुल ठाकुर ने आंद्रे रसेल को आउट कर केकेआर को सातवां झटका दिया। रसेल चार गेंदों पर सात रन बनाकर आउट हुए। वेंकटेश अय्यर को आकाश दीप ने आउट कर केकेआर को छठा झटका दिया। वेंकटेश अर्धशतक लगाने के करीब थे, लेकिन वह चूक गए। वेंकटेश 29 गेंदों पर छह



चौका और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। आवेश खान ने इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे अंगकृष रघुवंशी को आउट कर केकेआर को पांचवां झटका दिया है। रघुवंशी चार गेंदों पर पांच रन बनाकर आउट हुए। रवि बिश्नोई ने रमनदीप सिंह को आउट कर केकेआर को चौथा झटका दिया। रमनदीप दो गेंदों पर एक रन बनाकर आउट हुए। केकेआर ने 14 ओवर की समाप्ति तक चार विकेट पर 166 रन बनाए हैं। उसे जीत के लिए 36 गेंदों पर 73 रन बनाने की जरूरत है। केकेआर को कप्तान अजिंक्य रहाणे के रूप में तीसरा झटका लगा है। रहाणे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और अर्धशतक लगा चुके थे। रहाणे ने वेंकटेश अय्यर के साथ 71 रनों की साझेदारी की। रहाणे 35 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन बनाकर आउट हुए। 13 ओवर की समाप्ति के बाद केकेआर का स्कोर तीन विकेट पर 162 रन है। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने लखनऊ के खिलाफ आईपीएल के मुकाबले में 26 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया है। रहाणे और वेंकटेश के दम पर केकेआर ने लखनऊ के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 11 ओवर की समाप्ति के बाद दो विकेट पर 136 रन बना लिए हैं। केकेआर को अब जीत के लिए 54 गेंदों पर 103 रन बनाने हैं। लखनऊ के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर का स्कोर 110 के पार पहुंच गया है। केकेआर के लिए रहाणे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं अर्धशतक के करीब हैं। उनका साथ वेंकटेश अय्यर निभा रहे हैं। केकेआर ने नौ ओवर की समाप्ति के बाद दो विकेट पर 116 रन बनाए हैं। दिग्वेश राठी ने सुनील नरेन को आउट कर केकेआर को दूसरा झटका दिया। नरेन रहाणे के साथ मिलकर शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन 13 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुए। राठी ने नरेन को आउट करने के बाद एक बार फिर विवादित तरीके से जश्न मनाया जिस कारण उन पर दो बार जुमार्ना लग चुका है।

लखनऊ के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की शुरूआत अच्छी रही है और उसने छह ओवर की समाप्ति के बाद एक विकेट पर 90 रन बना लिए हैं। क्रीज पर फिलहाल नरेन और कप्तान अजिंक्य रहाणे मौजूद हैं। आकाश दीप ने क्विंटन डिकॉक को आउट कर केकेआर को पहला झटका दिया। डिकॉक अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन आकाश दीप की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। डिकॉक ने नौ गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 15 रन बनाए। कोलकाता की पारी शुरू हो चुकी है। क्विंटन डिकॉक और सुनील नरेन क्रीज पर मौजूद हैं। लखनऊ ने केकेआर के सामने 239 रनों का लक्ष्य रखा है। निकोलस पूरन और मिचेल मार्श के दम पर लखनऊ सुपर जाएंट्स ने केकेआर के सामने जीत के लिए239 रनों का लक्ष्य रखा है। कोलकाता ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था, लेकिन मार्श और पूरन की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर लखनऊ बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। मार्श ने 48 गेंदों पर 81 रन बनाए, जबकि एडेन मार्करम ने 47 रन बनाए। लखनऊ ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पूरन 36 गेंदों पर सात चौकों और आठ छक्कों की मदद से 87 रन बनाकर नाबाद लौटे।

केकेआर की ओर से हर्षित राणा ने दो विकेट लिए, जबकि आंद्रे रसेल को एक विकेट मिला। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ को मार्श और मार्करम ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़े। इस साझेदारी को हर्षित राणा ने मार्करम को आउट कर तोड़ा। मार्करम अर्धशतक के करीब थे, लेकिन तीन रन से ऐसा करने से चूक गए। इसके बाद मार्श ने अपनी आक्रामक पारी जारी रखी और अर्धशतक जड़ा। मार्श के आउट होने के बाद पूरन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और महज 21 गेंदों पर पचासा लगाया। पूरन अंत तक टिके रहे, लेकिन शतक पूरा नहीं कर सके। लखनऊ के लिए अब्दुल समद ने छह रन बनाए, जबकि डेविड मिलर चार रन बनाकर नाबाद लौटे।

## 'बुमराह निराश हैं, वापसी पर टीम को जिताना चाहते थे', आरसीबी से हार के बाद बोले मुंबई के कोच जयवर्धने

एजेंसी ● मुंबई

आईपीएल 2025 में सोमवार को मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद कोच महेला जयवर्धने ने जसप्रीत बुमराह को लेकर बयान दिया है। जयवर्धने ने कहा कि बुमराह हार से निराश हैं। वह वापसी पर टीम को जीतते हुए देखना चाहते थे। जयवर्धने ने यह भी कहा कि बुमराह वापसी पर सहज दिख रहे हैं और अच्छी गेंदबाजी भी कर रहे हैं।जयवर्धने ने कहा कि उनके शामिल होने से टीम के आक्रमण को मजबूती मिली है।

बुमराह ने पीठ की चोट के कारण इस साल जनवरी से कोई मैच नहीं खेला था। उन्होंने सोमवार को आरसीबी के खिलाफ मैच से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। भारतीय टीम के उनके साथी विराट कोहली ने मिडविकेट पर छक्का जड़कर उनका स्वागत किया, लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। मुंबई की टीम यह मैच 12 रन से हार गई थी।जयवर्धने ने मैच के बाद कहा, 'मैंने मैच के बाद उनसे बात की और वह अच्छी स्थिति में दिख रहे हैं। वह निराश भी हैं, क्योंकि वह वापसी पर टीम को जीत



दिलाना चाहते थे। उनकी गति अच्छी है और वह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।' जयवर्धने ने बुमराह को देर से गेंदबाजी के लिए बुलाने के फैसले का भी बचाव किया। उन्होंने कहा, 'उनके आने से हमारे पास अधिक विकल्प हो गए हैं। हमारे पास दो स्विंग गेंदबाज हैं और हमें सबसे पहले उन्हें वह मौका देना होगा। बूम (बुमराह) तीन महीने बाद वापसी कर रहे हैं और हम उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का माहौल देना चाहते थे।'

### 'बुमराह ने अच्छी वापसी की'

जयवर्धने ने कहा, 'उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और चीजों को बहुत अच्छी तरह से नियंत्रित किया। वह जितने अधिक मैच खेलेंगे उतना ही उनका प्रदर्शन बेहतर होता जाएगा। उन्होंने इससे पहले अपना आखिरी मैच टेस्ट क्रिकेट के रूप में खेला था और अब वह टी20 खेल रहे हैं। इसलिए हमें इसे समझने की जरूरत है, लेकिन उनका कौशल शानदार था।'

### 'आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा'

जयवर्धने बुमराह की प्रगति के साथ-साथ फिटनेस और फॉर्म के मामले में मौजूदा स्थिति को लेकर आश्वस्त दिखे। उन्होंने कहा, 'उनका पहला दिन था जहां उन्होंने पेशेवर मैच में गेंदबाजी की। बुमराह की गेंदबाजी कुछ ऐसी चीज है जिसकी हमारे पास पिछले कुछ मैचों में कमी थी। हमें उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा।'

## नियमों में ढिलाई का फायदा उठा रहे कप्तान?

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरसीबी ने एमआई को 12 रन से हराया और पाटीदार ने 32 गेंदों में 64 रनों की शानदार पारी खेली। इसकी बदौलत उनकी टीम ने पांच विकेट पर 221 रन बनाए। इसके बाद एमआई को नौ विकेट पर 209 रन पर रोक दिया गया।आईपीएल ने जारी विज्ञप्ति में कहा, 'चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है, इसलिए पाटीदार पर 12 लाख का जुमार्ना लगाया गया।' छह अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही बेंगलुरु की टीम 10 अप्रैल को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सत्र के अपने पांचवें मैच में घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी।

## गावस्कर ने बताया- रजत पाटीदार और विराट कोहली की कप्तानी में क्या है अंतर?

### दिनेश कार्तिक को भी सराहा

एजेंसी ● नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चार मैचों में तीसरी जीत हासिल की। टीम छह अंक लेकर फिलहाल अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस सीजन बेंगलुरु ने अपना कप्तान बदला था और रजत पाटीदार को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अब तक उनके नेतृत्व में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। रजत आईपीएल में ऐसे पहले कप्तान भी बन गए, जिन्होंने मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को एक ही सीजन में उसके घर में हराया हो। अब महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रजत की तारीफ की है। साथ ही उनके और कोहली के बीच कप्तानी के अंतर को भी बताया है।

गावस्कर ने कहा कि उनके सहज रवैए ने टीम को वर्षों की निराशा के बाद आखिरकार आईपीएल में सफलता की राह खोजने में मदद की है। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा, 'कप्तान के रूप में पाटीदार सहज नजर आते हैं। उनकी टीम ने 17 वर्षों में खिताब नहीं जीता है और अब उसके खिलाड़ी समझते हैं कि जीतने के लिए क्या करने की जरूरत है। एक सहज और संयमित कप्तान के साथ टीम के साथ जुड़े अन्य लोग भी अपना पूरा योगदान दे रहे हैं।'गावस्कर ने आरसीबी के मेंटर दिनेश कार्तिक की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'रजत के पास कई सीनियर्स हैं जो हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। उनके पास मजबूत सहयोगी स्टाफ है। आरसीबी के सहयोगी स्टाफ में दिनेश कार्तिक जैसा व्यक्ति है जिनके प्रभाव के बारे में लोग पर्याप्त बात नहीं करते हैं। कार्तिक उस तरह के इंसान हैं जो युवा खिलाड़ियों के साथ समय बिताना पसंद करते हैं। उनका मार्गदर्शन करते हैं और उन्हें इनपुट देते हैं। रजत भाग्यशाली हैं कि उन्हें एक ऐसी टीम मिली है जो सफलता के लिए भूखी है।'

### 'कोहली इस सत्र अलग मानसिकता से उतरे हैं'

पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि विराट कोहली की लंबे शॉट खेलने की इच्छा ने उन्हें और भी बड़ा खतरा बना दिया है। उन्होंने कहा, 'कोहली इस सत्र अलग मानसिकता से उतरे हैं। वह शुरू से ही बड़े शॉट की कोशिश कर रहे हैं। पहले वह अपनी पारी में जमने के बाद इस तरह के शॉट खेलते थे, लेकिन अब वह पहली गेंद से जोखिम लेना चाहते हैं और इससे बहुत बड़ा अंतर आ रहा है।'गावस्कर ने मुंबई इंडियंस के खराब फॉर्म में चल रहे सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा से भी अपने शॉट चयन पर ध्यान देने के लिए कहा।

## लगातार हार के बाद क्या प्लेइंग-11 में बड़ा बदलाव करेगी मुंबई इंडियंस? कोच जयर्वधने ने दिया जवाब

एजेंसी ● मुंबई

मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2025 में लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई की शुरूआत अच्छी नहीं रही है और उसने पांच में से चार मुकाबले गंवाए हैं। मुंबई को सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। लगातार हार के बावजूद मुंबई का प्लेइंग-11 में बड़ा बदलाव करने का कोई इराद नहीं है। आरसीबी के खिलाफ हार के बाद जब जयवर्धने से पूछा गया कि वह आगामी मैचों में क्या प्लेइंग-11 में बदलाव करेंगे? इस पर जयवर्धने ने कहा, वास्तव में नहीं।

परिणाम भले ही हमारे अनुकूल नहीं रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही आपको यह स्वीकार करना होगा कि हमने कुछ अच्छी क्रिकेट खेली है। मैं अब भी सीनियर खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने का समर्थन करूंगा। मैं उन सभी खिलाड़ियों का समर्थन करूंगा जिन पर हमने भरोसा दिखाया है। उनके पास कौशल है लेकिन हमें थोड़ा अधिक निर्मम होने की जरूरत है।

जयवर्धने ने कहा कि आठवें स्थान पर मौजूद मुंबई इंडियंस की प्लेइंग-11 में नए चेहरों को लाना भी सही तरीका नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा, हारना कोई अच्छी बात नहीं है। इससे आप खुद पर संदेह करना शुरू कर देते हैं और कभी-कभी एक नए चेहरे को इस तरह की स्थिति में टीम में लाना, अनुभव के बिना खिलाड़ी के लिए और भी मुश्किल पैदा कर सकता है। जिन लोगों के पास अनुभव है, वे मुश्किल परिस्थितियों को संभालना और आगे चलकर मानसिक रूप से मजबूत होना जानते हैं। यह ऐसी चीज है जिस पर हम भरोसा करेंगे।मुंबई ने आरसीबी के खिलाफ जसप्रीत बुमराह को मौका दिया था जो चोट के कारण लंबे समय से मैदान से बाहर थे।

## पाकिस्तान को धूल चटाने के बाद न्यूजीलैंड के कोच ने अचानक दिया इस्तीफा

**वेलिंगटन।** गैरी स्टीड ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह अब टी20 और वनडे अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में न्यूजीलैंड के कोच नहीं रहेंगे। उन्होंने साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट से यह भी कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में अपने भविष्य पर विचार कर रहे हैं।एक तरफ आईपीएल 2025 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है तो दूसरी तरफ न्यूजीलैंड क्रिकेट में भूचाल आ गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने अचानक से वनडे और टी20 प्रारूप की कोचिंग से इस्तीफा दे दिया है। ज्यादातर स्टार कीवी खिलाड़ी फिलहाल आईपीएल में व्यस्त हैं। स्टीड की देखरेख में न्यूजीलैंड ने हाल ही में पाकिस्तान को अपने घर में धूल चटाई थी। उनकी देखरेख में कीवियों ने टी20 सीरीज 4-1 से और वनडे सीरीज 3-0 से अपने नाम की थी। हालांकि, उनके अचानक लिए गए फैसले से न्यूजीलैंड क्रिकेट भी चौंक गया है।गैरी स्टीड ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह अब टी20 और वनडे अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में न्यूजीलैंड के कोच नहीं रहेंगे। उन्होंने साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट से यह भी कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में अपने भविष्य पर विचार कर रहे हैं। स्टीड ने कहा कि उन्हें अंतिम निर्णय तक पहुंचने में एक महीने का समय लग सकता है। 53 वर्षीय स्टीड ने 2018 में माइक हेसन की जगह पद संभाला था और वह सभी प्रारूपों में न्यूजीलैंड के कोच थे।

## श्रीलंका में वनडे त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान, इन तीन नए चेहरों को मिला मौका

एजेंसी ● नई दिल्ली

इस महीने के अंत में श्रीलंका में शुरू होने वाली वनडे त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम का एलान हो गया है। स्टार ऑलराउंडर हरमनप्रीत कौर की टीम में वापसी हुई है और वही टीम का कमान भी संभालेंगी। हरमनप्रीत को जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए आराम दिया गया था। बीसीसीआई ने 15 सदस्यीय टीम का एलान किया है और स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। यह त्रिकोणीय सीरीज 27 अप्रैल को शुरू होगी और 11 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत और श्रीलंका के अलावा इस सीरीज में दक्षिण अफ्रीका की टीम हिस्सा लेगी।यह टूनार्मेंट डबल राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा। भारत अपना पहला मैच 27 अप्रैल को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। तीनों टीमें चार-चार मैच खेलेंगी और शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। सभी मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और तितास साधु चोटिल हैं। इसलिए उनके चयन पर विचार नहीं किया गया। टीम में काशवी गौतम, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय को शामिल किया गया है। इन तीनों ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है और टीम में नया चेहरा हैं।

### भारतीय टीम में तीन नए चेहरे

21 साल की तेज गेंदबाज काशवी गौतम को मौका दिया गया है। वह महिला प्रीमियर लीग में स्टार परफॉर्मर रही थीं। उन्होंने टूनार्मेंट में नौ मैचों में कुल 11 विकेट झटके थे। उन्हें इस प्रदर्शन के आधार पर पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। 20 साल की चरणी बाएं हाथ की स्पिनर हैं। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए महिला प्रीमियर लीग में दो मैच खेले थे और चार विकेट लिए थे। वहीं, बाएं हाथ की स्पिनर शुचि सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी टूनार्मेंट में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रही थीं।

## पांच पारियों में चौथी बार मिचेल मार्श ने जड़ा पचासा इस मामले में वॉर्नर-कोहली के बराबर पहुंचे

एजेंसी ● कोलकाता

लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के स्टार बल्लेबाज मिचेल मार्श शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले में शानदार अर्धशतक जड़ा। इसी के साथ मार्श ने डेविड वॉर्नर और विराट कोहली की बराबरी कर ली। वह आईपीएल के शुरूआती पांच मैचों में सबसे ज्यादा बार 50+ स्कोर बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए।मार्श ने लखनऊ को आक्रामक शुरूआत दिलाई। उन्होंने एडेन मार्करम के साथ पहले विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी निभाई।

हर्षित राणा ने मार्करम को बोल्ड किया। वह 47 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद मार्श को निकोलस पूरन का साथ



मिला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 30 गेंदों में 71 रनों की पार्टनरशिप हुई। दाएं हाथ के बल्लेबाज मार्श छह चौके और पांच छक्के की मदद से 81 रन बनाने में कामयाब हुए। उन्हें रसेल ने अपना शिकार बनाया।

इसी के साथ मार्श शुरूआती पांच पारियों में सबसे ज्यादा बार 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने चार बार यह कारनामा इस सत्र में किया है। उनसे पहले डेविड वॉर्नर (2016), विराट कोहली (2016) और क्रिस गेल (2018) ने शुरूआती पांच पारियों में चार बार 50 से ज्यादा रन बनाए।

### पांच पारियों में लगाए चार अर्धशतक

मार्श इस सीजन बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और पांच में चार पारियों में अर्धशतक जड़ चुके हैं। मार्श के आईपीएल करियर की बात करें तो उन्होंने 2010 से 2024 के बीच 36 पारियों में तीन बार अर्धशतक लगाया, लेकिन इस सीजन वह पांच पारियों में चार बार 50 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं। मार्श ने इस सत्र 72, 52, 0, 60 और 81 रन बनाए हैं। वह पावरप्ले के दौरान लखनऊ के लिए अर्धशतक लगाने वाले काइल मायर्स के बाद दूसरे बल्लेबाज हैं।



किसान की मेहनत रंग लाने लगी...

चीन के ग्रामीण इलाकों में फसल पक कर तैयार हो गई है जिसे किसान पारंपरिक तरीकों से कटाई करते हुए।

## शॉर्ट न्यूज

### बुक माय शो ने किया ब्लॉक तो भड़के कुणाल कामरा

**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सोमवार को ओपन लेटर लिखर ऑनलाइन टिकट बुकिंग पोर्टल बुक माय शो पर निशाना साधा। दरअसल, पोर्टल ने कामरा के कंटेंट को अपने प्लेटफार्म से हटा दिया है और कलाकारों की सूची में भी उनका नाम नहीं है। अब कॉमेडियन ने पोर्टल से अपने शो के लिए एकत्र किए गए दर्शकों की कॉन्टैक्ट इन्फॉर्मेशन मांगी है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष करने से यह पूरा विवाद खड़ा हुआ। कामरा ने फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक हिंदी गाने की पैरोडी का इस्तेमाल किया जिसमें उन्होंने शिंदे को कथित तौर पर गद्दार कहा था। कुणाल कामरा ने पत्र में लिखा, 'मुझे पता है कि आपको स्टेट के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने पड़ते हैं।

### 2030 तक इंसानों जैसा इंटेलिजेंस हासिल कर लेगा एआई

**नई दिल्ली।** गूगल डीपमाइंड के एक नए रिसर्च में यह भविष्यवाणी की गई है कि साल 2030 तक एआई इंसानों जैसी बुद्धिमता हासिल कर लेगा। यानी वह इंसानों की तरह सोच-समझ सकेगा। इसे आर्टिफिशिलय जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) कहा जाता है। रिसर्चरों ने इसके साथ ही एक डराने वाली भविष्यवाणी भी की है और कहा है कि ऐसा होने पर मानव जाति पर खतरा उत्पन्न हो सकता है क्योंकि एजीआई इंसानी दरकार को खत्म कर सकती है और इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इस रिसर्च स्टडी में इस बात पर जोर दिया गया है कि एजीआई के पूर्ण विकास और प्रभाव से मानव जाति पर किस तरह का खतरा पैदा हो सकता है। रिसर्च पेपर में लिखा गया है कि एजीआई के व्यापक संभावित विकास को देखते हुए हमें आशंका है कि यह इंसानों के लिए गंभीर नुकसान का संभावित जोखिम पैदा कर सकता है।

2014 से पहले देश को सब खा रहे थे, प्रधानमंत्री आए तो विकास शुरू हुआ

# प्रधानमंत्री मोदी मनुष्य नहीं अवतार : कंगना

**एजेंसी ● मंडी**



निशाना

हिमाचल के मंडी से BJP सांसद एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने कहा कि PM नरेंद्र मोदी साधारण मानव नहीं अवतार हैं। 2014 तक वह वोट देने भी नहीं जाती थीं। नेताओं से नफरत सी हो गई थी, लेकिन अब अच्छा खासा काम छोड़कर राजनीति में आ गई हैं। क्योंकि अब हमारे पास नरेंद्र मोदी के रूप में अच्छे नेता हैं। इससे पहले देश को सब खा रहे थे, बर्बाद कर रहे थे। कंगना रनोट ने ये बात सोमवार को मंडी में जोगिंद्रनगर के लडभड़ोल में आयोजित एक जनसभा में कही। इस दौरान उन्होंने हिमाचल सरकार पर भी निशाना साधा। कंगना रनोट इससे पहले भी पीएम मोदी को भगवान राम का अवतार बता चुकी हैं। कंगना ने जनवरी 2024 में लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कहा था कि मैं पीएम मोदी में रामचंद्र भगवान का अंश देखती हूं। मैं उनकी सेना में हूं। मैं तो स्वयं रामसेतु निर्माण की उस गिलहरी की भांति हूं जो अपना योगदान इस पार्टी में अब देने जा रही हूं। मेरे लिए यही सबसे बड़ा सौभाग्य है। कंगना रनोट ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा - 2014 से पहले तो हम भी राजनीति को एक तरह से दुर्भाग्य समझते थे। हालांकि यह शर्मिंदगी की बात है, लेकिन हम वोट भी देने नहीं जाते थे। युवाओं के दिलों में एक कशिश थी या कहे कि नफरत थी पॉलिटिशन को लेकर, सोचते थे कि क्या करते हैं वो। उन्होंने कहा सब खाया जा रहा था, बर्बाद किया जा रहा था, कुछ नहीं था। नरेंद्र मोदी 2014 में आए, तो हमने ये दिन देखा। अब देश विकास के पथ पर तेज रफ्तार से दौड़ रहा है।

### हिमाचल की दुर्दशा देखकर दुख होता है

कंगना ने आगे कहा हिमाचल की दुर्दशा देखकर दुख होता है। कांग्रेस सरकार के राज में हिमाचल प्रदेश के हालात बेहद बिगड़े हुए हैं। अपने प्रदेश की यह दुर्दशा देखकर उन्हें बहुत दुख होता है। कांग्रेस ने मंडी की महिलाओं को बदनाम करने के लिए कैसी-कैसी साजिश रची। मंडी की महिलाओं के भाव पूछे गए। मगर जैसा तमाचा मंडी से लगा है, दूसरी बार कभी किसी महिला का अपमान नहीं कर पाएंगे।


### संसद में वोट करते वक्त आती है हिमाचल की याद

उन्होंने कहा कि जब वह लोकसभा में बैठकर वोट करती हैं तो हिमाचल की जनता की याद आती है। उन्होंने कहा कि वह धन्य हैं कि एक सामान्य बेटी को लोगों ने संसद में भेजा है। इस दौरान कंगना ने पहाड़ी भाषा में कहा कि बॉलीवुड में रहते हुए भी वह हिमाचल आने को तरसती थीं। सांसद चुनी जाने के बाद जल्द से जल्द लोगों से मिलना चाहती थीं। ब्रिटेन की महिला राजनेता मोनिका लेनन के साथ चुनाव प्रचार के दौरान असभ्य व्यवहार करने वाली महिला को सजा सुना दी गई है। उन्हें निर्वाचित अधिकारी के साथ अपमानजनक और धमकाने के बर्ताव का दोषी पाया गया है। साल 2024 में चुनाव प्रचार के दौरान महिला ने लेनन को जबरदस्ती पकड़ने और चूमने की कोशिश की थी। पीए मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 में हुए आम चुनाव के प्रचार के दौरान 57 साल की एल्सपेथ वुड लेबर एमएसपी मोनिका लेनन के बेहद करीब आ गई थी।

इजरायली पीएम के साथ वार्ता के बाद

## बोले डोनाल्ड ट्रंप- जल्द खत्म हो सकता है गाजा में युद्ध

**एजेंसी ● गाजा**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठक के दौरान गाजा युद्ध को लेकर अहम टिप्पणी की है। उन्होंने सोमवार को गाजा युद्ध तुरंत खत्म करने की इच्छा जताई और कहा, मुझे उम्मीद है कि गाजा में युद्ध जल्द ही रुक जाएगा। गाजा युद्ध को खत्म करने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने के बारे में पूछे जाने पर डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैं युद्ध को रुकते देखना चाहता हूं और मुझे लगता है कि ये युद्ध कुछ मुद्दों पर रुकेगा, ये जल्द ही रुक जाएगा।' ट्रंप ने आगे कहा कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त करने के लिए कोशिश जारी है, लेकिन सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करना एक लंबी प्रक्रिया है। वहीं, ओवल ऑफिस में इजरायली पीएम नेतन्याहू ने पुष्टि की कि इजरायल ज्यादा से ज्यादा बंधकों को रिहा कराने के लिए एक और समझौते पर काम कर रहा है, जिसके सफल होने की हमें उम्मीद है। नेतन्याहू ने कहा, 'हम सभी बंधकों को बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही गाजा में हमास के अत्याचार को खत्म करने और गाजा के लोगों को स्वतंत्र रूप से जहां भी वे जाना चाहें।

डॉक्टर बोलीं- प्रेग्नेंट है; 2 दिन पहले तबीयत बिगड़ी थी

## मां बनने वाली है मेरठ जेल में बंद मुस्कान

**एजेंसी ● मेरठ**

हत्या

मेरठ में सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान प्रेग्नेंट है। 5 अप्रैल को उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। उसमें प्रेग्नेंसी जैसे लक्षण दिखाई दिए थे। इसके बाद जेल प्रशासन ने मुस्कान का चेकअप करने के लिए डॉक्टर बुलाए। 7 अप्रैल को लेडी डॉक्टर कोमल ने जिला जेल में आकर मुस्कान का टेस्ट किया था। इसमें उसकी प्रेग्नेंसी की पुष्टि हुई। दरअसल, 19 मार्च से मुस्कान और साहिल मेरठ जिला जेल में बंद हैं। मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी। जेल आने के बाद मुस्कान का प्राइमरी मेडिकल टेस्ट किया गया था। तब वह पूरी तरह स्वस्थ थी। वहीं, सोमवार को साहिल की नानी भी जिला जेल में उससे मिलने पहुंची। हालांकि, उन्हें मुस्कान के प्रेग्नेंट होने के बारे में पता नहीं था।



### मुस्कान के टेस्ट बाहर से कराने होंगे

वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने कहा- सोमवार को जिला अस्पताल से डॉ. कोमल जिला जेल में पहुंची। मुस्कान सहित 4 और महिला बंदियों की जांच की है। उनको कुछ टेस्ट भी लिखे हैं। मुस्कान के लिए भी कुछ टेस्ट लिखे हैं, जिनको उन्होंने बाहर से कराने के लिए कहा है। जेल में बंदी की निजी जानकारी को हम शेयर नहीं कर सकते, इसलिए वो टेस्ट क्या हैं ये नहीं बता सकते।

### रूटीन विजिट से पहले बुलाई गई डॉक्टर

महिला जिला अस्पताल से लेडी डॉक्टर हर महीने की 15 तारीख को जेल में रुटीन विजिट पर जाती हैं। विशेष परिस्थितियों में ही डॉक्टर को बीच में बुलवाया जाता है। दो महिला बंदियों संगीता और मुस्कान की तबीयत खराब होने के बाद जेल प्रशासन ने जिला महिला अस्पताल को लेटर भेजकर डॉक्टर को भेजने की मांग की थी। वहीं, जेल सूत्रों ने बताया कि मुस्कान का बार-बार जी मिचला रहा था और उल्टी भी हो रही थी। मेरठ की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता त्यागी ने बताया- कई बार शुरुआत में या पहले महीने में प्रेग्नेंसी का पता नहीं चलता। दूसरे या तीसरे महीने प्रेग्नेंसी कंफर्म होती है। ये किसी भी महिला के साथ हो सकता है। मुस्कान कितने महीने की प्रेग्नेंट है, यह जांच के बाद बताया जाएगा।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)